


हमें हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान होना चाहिए...

P5


दैनिक

# भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की


मेरी फसल,मेरा ब्यूरो पोर्टल बना फर्जीवाड़े का ...

P8



■ वर्ष:1 ■ अंक: 48 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शुक्रवार ■ 27 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

## न्यूज डायरी

### पंचकूला में मनोहर लाल को सम्मानित किया जाएगा

**पंचकूला।** समस्त अनुसूचित जाति समाज द्वारा 28 अक्तूबर को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी हैं। प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने पर मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस बारे में डीसी सुशील सारवान ने इंद्रधनुष आडिटोरियम में होने वाले राज्य स्तरीय सम्मान समारोह की तैयारियां का जायजा लिया। कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### परिवहन मंत्री मूलचंद का हैक हुआ फेसबुक पेज

**चंडीगढ़।** किसी हैकर ने परिवहन मंत्री और फरीदाबाद जिले की बल्लभगढ़ विधानसभा सीट से विधायक मूलचंद शर्मा की फेसबुक आईडी ने हैक कर ली। फिर उसने इस पर अश्लील वीडियो अपलोड कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही मूलचंद शर्मा ने तत्काल डीजीपी शत्रुजीत कपूर और फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य को मामले की जानकारी दी और कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बताया गया कि फरीदाबाद से लेकर चंडीगढ़ तक की साइबर एक्सपर्ट की टीम जांच कर रही है। डीजीपी इस मामले की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### अगले माह चीन और पाकिस्तान करेंगे युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** चीन और पाकिस्तान नवंबर में युद्धाभ्यास करेंगे। चीनी नौसेना के युद्धपोत फारस की खाड़ी में मौजूद हैं। भारत चीन की गतिविधि पर नजर रखे हुए है।

चीनी युद्धपोतों के साथ सांग क्लास की पनडुब्बी और पनडुब्बी का एक सहयोगी जहाज चांग डाओ (एएसआर 847) भी वहां मौजूद है।

बता दें कि विश्व स्तर पर हिंद महासागर को भारत की जिम्मेदारी का क्षेत्र माना जाता है।

### जनवरी 2024 में लॉन्च होगा विक्रम-वन

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की कंपनी स्काईरूट भी विक्रम-1 रॉकेट को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट ने विक्रम-1 रॉकेट का अनावरण किया है। विक्रम-1 देश का पहला निजी तौर पर निर्मित सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल है।स्काईरूट के सीओओ भरत ढाका ने कहा कि विक्रम-1 के निर्माण में हमारी डिजाइन क्षमता और अत्याधुनिक घरेलू तकनीक अभिन्न अंग रही है।

हम 2024 की शुरुआत में लॉन्च के लिए इसकी तैयारी कर रहे हैं।

### श्रीलंका ने आठ विकेट से इंग्लैंड को हराया

**बेंगलुरू।** विश्व कप के 25वें मैच में गत विजेता इंग्लैंड को श्रीलंका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी है। इस विश्व कप के पांच मैचों में यह इंग्लैंड की चौथी हार है।

बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका ने दो विकेट खोकर 160 रन बना लिए और मैच आठ विकेट से जीत लिया।

सरकार के 9 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की कई घोषणाएं

# हरियाणा में 6 टोल टैक्स बैरियर होंगे बंद: मनोहर लाल

### सकरारी कर्मचारियों का 4 प्रतिशत डीए भी बढ़ाया गया

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। गुरुवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरकार के नौ साल पूरे होने पर ऐलान किया कि पीडब्ल्यूडी के छह टोल बैरियर बंद कर दिए जाएंगे। सीएम ने बताया कि 1 नवंबर से वसीरपुर, टटियाना और गुर्जरवास ये टोल टैक्स बैरियर बंद होंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा 10 नवंबर को संगतपुरा का टोल बैरियर बंद हो जाएगा। एक दिसंबर को असगरपुर और फिरोजपुर टोल बैरियर बंद कर दिए जाएंगे। इन्हें पार करने वाले लोगों से किसी प्रकार का पैसा नहीं लिया जाएगा। सीएम ने बताया कि सरकार के इस फैसले से हर साल 13 करोड़ रुपए राजस्व का नुकसान होगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री कंवरपाल और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर भी उपस्थित थे।

सीएम ने सूबे के 3.5 लाख कर्मचारियों के लिए ऐलान किया कि अब सरकार कर्मचारियों के डीए में 4 प्रतिशत बढोत्तरी करेगी। उनका डीए 42 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत हो जाएगा। जुलाई से सितंबर का एरियर दिसंबर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर 2014 को सुशासन दिवस मनाया था। इसी दिन सीएम विंडो की भी घोषणा की गई थी। अब तक इस पर 13 लाख शिकायतें दर्ज की गई हैं, अब तक लाखों का शिकायतों का निवारण किया जा चुका है।



### चुनौतियों से नहीं घबराए हम

मनोहर लाल ने कहा कि जब हमने 2014 में प्रदेश की सत्ता संभाली थी तब हरियाणा का बहुत बुरा हाल था। इन चुनौतियों से घबरा हमने इनका सामना किया और पूरे आत्मविश्वास के साथ सरकार ने अपना काम शुरू किया। उस समय विपक्ष के लोग कहते थे कि यह कुछ ही दिनों मेहमान है, लेकिन सफलतापूर्वक सरकार ने अपने नौ साल पूरे किए। उन्होंने कहा कि मुझे सेवा का 40 साल का अनुभव हो है। यह जरूर है कि पहले पांच सालों में कुछ चुनौतियां भी आई, लेकिन जनता के सहयोग से उन का समाना किया गया। यही कारण रहा कि 2019 में वोट प्रतिशत में 3 फीसदी की वृद्धि हुई। **टेक्नोलॉजी का बेहतरीन इस्तेमाल किया:** सीएम के अनुसार सबसे बड़ी उपलब्धि सरकारी विभागों में टेक्नोलॉजी का बेहतरीन इस्तेमाल रहा है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया, बल्कि विकास के नए रास्ते भी खुले। इसी का नतीजा है कि बिचौलियों को बाहर करते प्रदेश सरकार ने किसानों के खातों में ऑनलाइन तरीके से उनकी फसल के करीब 85 हजार करो रुपए स्थानांतरित किए हैं।

### सरकार ने दी एक लाख 14 हजार नौकरियां

सीएम मनोहर लाल ने दावा किया है कि उन्होंने अपने 9 साल के कार्यकाल में 114210 नौकरियां दी हैं। 41217 नौकरियां प्रकिया में हैं। जबकि 1999 से 2005 में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने मात्र 15125 नौकरियां दी गई। 2005 से 2014 तक पूर्व सीएम हुड्डा ने 86067 नौकरियां दी। सीएम ने कहा कि सरकार आगे भी नौकरियों को देने का सिलसिला जारी रखेगी।

### प्रदेश में लिंगानुपात ने लगाई छलांग

उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का असर है कि 2014 में 871 रहने वाला लिंगानुपात छलांग लगाकर 932 पर पहुंच गया है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर नियंत्रण के लिए 16 फास्ट ट्रैक अदालतें कार्यरत हैं। इसके अलावा 12 वर्ष तक की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है।

### छोटी सरकार के प्रतिनिधियों को भी बड़ा तोहफा

मनोहर लाल ने दिपावली त्यौहार के शुभ अवसर से पहले बड़ा तोहफा देते हुए नगर निगम, नगर परिषद व समितियों के मेयर और अध्यक्ष सहित सदस्यों के मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय 1 अक्तूबर, 2023 से दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि नगर निगमों के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, काउंसलर्स, नगर परिषद के अध्यक्षों सहित सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई थी, इसमें मानदेय बढ़ाने पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले मेयर को 20,500 रुपये मासिक मानदेय मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 30,000 रुपये किया गया है। सीनियर डिप्टी मेयर को मानदेय 16,500 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये, डिप्टी मेयर का मानदेय 13,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये तथा पाषर्दों का मानदेय 10,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये किया गया है। नगर परिषद के अध्यक्ष का मानदेय 10,500 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये,पार्षदों का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये किया गया है। नगर समितियों के अध्यक्ष का मानदेय 6,500 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये,उपाध्यक्ष का मानदेय 4,500 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये तथा पार्षदों का मानदेय भी 4,500 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये किया गया है। इसी के साथ जिला परिषद के अध्यक्षों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़कर हुआ 20,000 रुपये किया गया है। जिला परिषद के अध्यक्षों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपयेए उपाध्यक्ष का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और सदस्यों का मानदेय 3,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये किया गया है। पंचायत समिति के अध्यक्षों का मानदेय 7,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 3,500 रुपये से बढ़ाकर 7,000 रुपये तथा सदस्यों का मानदेय 1,600 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है।



पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार के दावों पर किए प्रहार

# सरकार ने बर्बादी के पाताल तक पहुंचाया राज्य को: भूपेंद्र हुड्डा

### बोले, हमने कानून व्यवस्था, खुशहाली और विकास में नंबर वन बनाया था, लेकिन भाजपा ने प्रदेश को कंगाल कर दिया

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**

पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में भाजपा-जजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि हरियाणा को विकास के अर्श से बर्बादी के पाताल तक पहुंचाने को 9 साल की उपलब्धि माना जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा को कांग्रेस ने 2014 तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने, बुजुर्गों, खिलाड़ियों व किसानों के सम्मान, कानून व्यवस्था, खुशहाली और विकास में नंबर वन बनाया था। उसे इस सरकारने मिलकर बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार, नशा, महंगाई और अत्याचार में नंबर वन बना दिया है।

### जनता से माफी मांगे प्रदेश सरकार



उन्होंने कहा कि 9 साल के दौरान हरियाणा में कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया, एक भी यूनिट बिजली उत्पादन हुआ हो, न ही एक इंच नई रेलवे लाइन बिछाई। मेट्रो लाइन उतनी की उतनी है। सरकार ने कोई राष्ट्रीय स्तर का संस्थान, बड़ी परियोजना या बड़ा उद्योग प्रदेश में स्थापित किया फिर दावा किस बात का। उसे जनता से माफी मांगनी चाहिए। वह किस बात का जश्न मना रही है?

### उपलब्धि नहीं गड़बड़झाला है यह

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी और मेरी फसल मेरा ब्योरा को सरकार उपलब्धि समझ रही है, वह भ्रष्टाचार के जनक और जनता के गले की फांस बने हुए हैं। बीजेपी-जेजेपी के विधायक भी सार्वजनिक तौर पर इस बात को स्वीकार कर चुके हैं। हकीकत यह है कि 90 फीसदी फैमिली आईडी और 95 फीसदी प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़झाला है। सरकार को प्रॉपर्टी आईडी बनाने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट करनी पड़ी।

### जनता के सामने लाएंगे सरकार की सच्चाई

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जहां तक 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' की बात है, उसकी सच्चाई मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचने वाले किसान बता देंगे। किसानों का साफ कहना है कि एमएसपी से पल्ला झाड़ने और सरकारी खरीद में देरी करने के लिए यह पोर्टल चलाया गया है। हुड्डा ने कहा कि वह 2 नवंबर को चंडीगढ़ में विस्तृत प्रेस वार्ता करके तथ्यों और आंकड़ों के साथ इस सरकार के 9 साल की सच्चाई जनता के सामने रखेंगे।

# लश्कर-ए-तैयबा ने दी हरियाणा में बम धमाकों की धमकी

## आतंकी संगठन ने अंबाला मंडल के डीआरएम के नाम भेजा पत्र

### मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी दी गई धमकी

**भरोसा मित्र, चंडीगढ़**


आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा पत्र भेजकर हरियाणा के रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी है। यह पत्र अंबाला मंडल के डीआरएम के नाम आतंकी संगठन के द्वारा भेजा गया है। इसमें राज्य के अलग अलग रेलवे स्टेशनों को 26 नवंबर और 6 दिसंबर को बम के धमाके करने का दावा किया गया है। अंबाला कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस धमकी से भरे इस पत्र की जांच शुरू कर दी है। आतंकी संगठन ने पत्र में कहा गया कि 26 नवंबर को अंबाला मंडल के तहत पड़ने वाले अंबाला कैंट, यमुनानगर, शिमला, चंडीगढ़, सहारनपुर और दूसरे कई रेलवे स्टेशनों को बम से वह उड़ा देगा। संगठन ने अपने पत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी है। उसने 6 दिसंबर को अंबाला के प्रमुख मंदिरों, गुरुद्वारों तथा हिमाचल के कई मंदिरों, फौजी मंदिरों व गुरुद्वारों, हवाई अड्डों को भी निशाना बनाने का जिक्र है। पुलिस ने आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। तत्काल जीआरपी व आरपीएफ ने स्टेशन पर गश्त बढ़ा दी है। जबकि स्टेशन की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए उच्चाधिकारियों की बैठक बुलाई गई। बताया गया कि स्टेशन की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस, बम स्क्वायड और कमांडो दस्ते की मदद ली जाएगी।



# उप्र में आठ युवकों ने नाबालिग लड़की को जिंदा जलाकर मारा

**अमेठी, एजेंसी।**

यहां आठ युवकों ने एक नाबालिग लड़की को उसी के घर में जिंदा जलाकर मार डाला। उसके पिता की तहरीर पर पांच नामजद व तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल कर साक्ष्य की तलाश की।



बताया गया कि कस्बा निवासी जितेंद्र कुमार शुक्ल बुधवार की शाम छह बजे घर के बगल स्थित बड़ौदा यूपी बैंक में गए थे। इसी दौरान उनका भतीजे रजत कुमार ने बैंक पहुंचकर घर में आग लगने की जानकारी दी। जब वह मकान की छत पर गया, तो देखा उसकी 16 वर्षीय पुत्री शिवी आग की लपटों जल रही थी। उसी दौरान उसे छत से कूदकर दक्षिण गांव स्थित पूरे लोहांगी निवासी फैजान व गुफरान, कस्बा निवासी प्रिंस पाल व जावेद अहमद तथा कटरा निवासी राम बहादुर यादव व तीन अज्ञात युवक भाग गए। जितेंद्र कुमार किसी तरह आग बुझाकर इलाज के लिए बेटी को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह, थानाध्यक्ष इन्हौना कंचन सिंह, जामो विवेक कुमार, कमरौली अभिनेष, क्राइम ब्रांच प्रभारी उमेश मिश्र भी पहुंचे।

काफी समय समझाने के बाद पिता अपने बेटी के शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार हुआ।

# कांग्रेस में अंतर विरोध से हुड्डा है निराश: अभय चौटाला

● कहा, भाजपा अपनी गलत नीतियों से चुनावों में औंधे मुंह गिरेगी

**भरोसा मित्र, डबवाली**

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा एक निराश व हताश नेता हैं। उनके दिए गए बयानों का उनकी ही पार्टी में पुरजोर विरोध होता है। अभय ने गुरुवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव घोड़ांवाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज भूपेंद्र सिंह हुड्डा किस आधार पर जातिगत जनगणना, तीन डिप्टी सीएम नियुक्त करने के दावे कर रहे हैं। कांग्रेस में ही उनका पूरा विरोध है। अंतर विरोध से घिरे नेता के वक्तव्य का कोई औचित्य नहीं होता। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब पांच प्रदेशों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा की गलत नीतियों से वह इन चुनावों में औंधे मुंह गिरेगी। भाजपा की गलत नीतियों से हर वर्ग बुरी तरह दुखी व परेशान है और उससे छुटकारा चाहता है।



### एसवाइएल मुद्दे का समाधान सिर्फ हमारी पार्टी कर सकती है

अभय चौटाला ने कहा कि एसवाइएल का पानी हरियाणा में लाने का काम केवल इनेलो ही कर सकती है। इसके लिए चाहे उन्हें सड़क मार्ग जाम करना पड़े अथवा रेल या बसों के पहियों को जाम करना पड़े। इनेलो नेता ने कहा कि वह इस मामले में अपनी पार्टी के कानूनी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से विमर्श कर रहे हैं और यदि जरूरत हुई तो पुनःसर्वोच्च न्यायालय से न्याय मांगा जाएगा।

## राजनीति

यूपी में कांग्रेस व सपा के बीच वाकयुद्ध के बाद शुरू हुई पोस्टर वार

# चुनाव से पहले ही बिखरने लगा 'इंडिया' गठबंधन

● आजम खां ने प्रदेश कांग्रेस प्रमुख से मिलने से किया इंकार

**लखनऊ, एजेंसी।**

केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद राजनीतिक इतिहास में काठ की हांडी साबित हुई है, जो कभी सिरे नहीं चढ़ी। अब केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता से शुरु हुई 'इंडिया' गठबंधन भी चुनाव से पहले ही बिखराव की राह पर है। इसका सीधा प्रभाव उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में वाकयुद्ध के बाद पोस्टर वार छिड़ने से नजर आने लगा है। जेल में बंद सपा नेता आजम खान से मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेस के यूपी प्रमुख अजय राय का उस समय निराशा हाथ लगी, जब आजम खान ने राय से मिलने से इंकार कर दिया। आगामी लोकसभा चुनाव और इस साल हो रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस समेत करीब दो दर्जन विपक्षी दलों ने भाजपा व मोदी सरकार के खिलाफ एकजुटता की कवायद के बाद 'इंडिया' गठबंधन की डोर बांधी, लेकिन वह चुनाव से पहले ही कच्चे धागे की तरह टूटने को तैयार है। यूपी में तो कांग्रेस और सपा के बीच पहले वाकयुद्ध छिड़ा और अब पोस्टर वार शुरु हो गया है। पिछले तीन दशक में इस प्रकार का गठबंधन आज तक सिरे नहीं चढ़ा और इस बार तो मोदी सरकार का हटाने के लिए एक दूसरे के जानी दुश्मन राजनीतिक दलों ने भी एकजुटता का ढोल बजाया और 'इंडिया' गठबंधन में शामिल हो गये, लेकिन इसे विस्तार देने से पहले ही इस गठबंधन में दरारे नजर आने लगी है।



### 'इंडिया' गठबंधन में हैं कई पीएम

लखनऊ में बीते दिनों समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को 'भावी प्रधानमंत्री' बताते हुए एक होर्डिंग लगाया गया था। होर्डिंग लगाने वाले समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता चाहते हैं कि अखिलेश यादव देश के पीएम बनें। इंडिया गठबंधन में हम चाहते हैं कि अखिलेश यादव ही प्रधानमंत्री का चेहरा बनें। कोई भी दावा कर सकता है, लेकिन असल में जो भाजपा को हरा सकती है वो समाजवादी पार्टी है। इसी प्रकार कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल, तृणमूल कांग्रेस में ममता बनर्जी और जदयू में नितिश के अलावा कई अन्य दलों के नेता भी पीएम बनने का सपना देख रहे हैं।

### यूपी में सपा व कांग्रेस में छिड़ी जंग

उत्तर प्रदेश में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पहले कांग्रेस के राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा था कि यदि प्रदेश में गठबंधन नहीं तो देश में भी कोई गठबंधन नहीं होगा। सपा व कांग्रेस के बीच इस वाकयुद्ध के बाद अब पोस्टर वार तक की नौबत आ गई। पहले सपा ने अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री का पोस्टर लगवाया था। अब उसके पलटवार में कांग्रेस ने राहुल गांधी को 2024 में देश का पीएम और अजय राय को 2027 में प्रदेश सीएम का पोस्टर लगावा दिया है। मसलन लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे इस पोस्टर में लिखा है कि 2024 में राहुल और 2027 में राय'। यह पोस्टर का सीधा संदेश दे रहा है कि 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री तो 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मुख्यमंत्री बनेंगे। मध्य प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत सीट न मिलने से सपा नाराज है और सपा अकेले चुनाव मैदान में है।

# कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसरों को मौत की सजा सुनाई

● इन पर है जासूसी करने का आरोप ,विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के साथ इन आरोपों को साझा नहीं किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कतर में एकांत कारावास में रखे गए भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों को मौत की सजा सुनाई गई है।

जानकारी के अनुसार कतर की खुफिया इकाई ने 30 अगस्त 2022 को भारतीय नौसेना के इन रिटायर्ड अफसरों को बिना कोई कारण बताए गिरफ्तार कर लिया था। इनमें कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर संजीव गुप्ता और सेलर रागेश शामिल हैं। इन पर कथित जासूसी का आरोप लगाया गया है। इस बारे में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था जबकि भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि कतर ने भारत के साथ इन आरोपों को अब तक साझा नहीं किया है।

### खरगे ने कब उठाया था मामला

अप्रैल में मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने ट्वीट में लिखा था, भारत और कतर 2023 में राजनयिक संबंधों के 50वें वर्ष का जश्न मना रहे हैं। कतर में भारतीयों का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कतर में अपने समकक्ष को फीफा विश्व कप की शुभकामनाएं भेजीं, लेकिन हमारे बहादुरों के कीमती जीवन को बचाने के लिए हस्तक्षेप नहीं कर सकते। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में इस मामले को बहुत ही संवेदनशील बताया था।



### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार भारतीय नौसेना के रिटायर्ड अधिकारी, कतर की नौसेना को ट्रेनिंग दे रहे थे। इसके लिए उनका दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी कंपनी के साथ अनुबंध हुआ था। जिस वक्त यह गिरफ्तारी हुई, तब कंपनी के प्रमुख और ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर, खमिस अल अजमी को भी गिरफ्तार किया गया था। उन्हें तीन माह की पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। सूत्रों का कहना है कि कतर में कैद, भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों को रिहा कराने के कानूनी एवं कूटनीतिक स्तर पर कई प्रयास किए गए हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह पीड़ित परिवारों के संपर्क में है। कानूनी मदद के विकल्प पर आगे बढ़ा जाएगा।

## खबर फटाफट

### बासमती चावल की फसल खरीद की आड़ में घोटाले का आरोप

**सोहना :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी है और साहूकारों के हक मे सरकारी नीतियां बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है जिसका एक और ताजा उदाहरण सामने आया है। जब किसानों की बासमती धान की फसल मंडियों में बिकने के लिए आई तो केंद्र की भाजपा सरकार ने बासमती चावल के निर्यात के लिए एमईपी (मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस) को 1200 डॉलर प्रति टन कर दिया। बासमती चावल के व्यापारियों ने एमईपी बढ़ाने के विरोध में हड़ताल कर दी और बासमती चावल का निर्यात रुक गया जिसके कारण किसानों को अपनी बासमती चावल की फसल साहूकारों को औने-पौने दामों पर 500 से 800 रूपए कम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### जुआरी गिरफ्तार,3730 रुपये की नकदी बरामद

**सोहना :** सीआईए पुलिस ने शहर के वार्ड-9 के तहत लगने वाले गांव जखोपुर से जुआ खेल रहे युवकों में से एक युवक को पकड़ा है जबकि पुलिस की छापेमारी के दौरान वहां मौजूद कई युवक भाग निकलने में कामयाब हो गए। पुलिस ने पकड़े गए युवक के पास से तलाशी के वक्त 3730 रुपए की नकदी, सटटा पर्ची, लकड़ी का फटटा, पैन, पोस्टर, ताश की गड्डी और प्लास्टिक कटटा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान परिवर्तित नाम केशवदेव के रूप में हुई है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया के अनुसार सोहना सीआईए पुलिस को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि एक स्थान पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना को सही मान पुलिस की एक टीम बताए गए स्थान पर पहुंच गई और औचक छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास से तलाशी के वक्त 3730 रुपए की नकदी, सट्टा पर्ची, लकड़ी का फटटा, पैन, पोस्टर, ताश की गड्डी और प्लास्टिक कटटा बरामद हुआ।

### बंदरों से निजात दिलाने की मांग

**सोहना :** आप नेता रामगौतम का कहना है कि सोहना शहरी क्षेत्र में बन्दरों के बढ़ते उत्पात के चलते लोगों की जान मुश्किल में आ गई है। लोगों व स्वयंसेवी संस्थाओं के बार-बार गुहार लगाने के बाद भी स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन के इस मामले पर कोई ठोस व प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से आम जनमानस विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। नगरपरिषद अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की बरती जा रही अनदेखी और बेरुखी जनता के 'जले पर नमक छिडे ने' वाली कहावत को चरितार्थ करती प्रतीत हो रही है। जनहित के दृष्टिगत आप नेता रामगौतम ने सोहना नगरपरिषद से इस तरफ तत्काल ध्यान दे जनता को उत्पाती बन्दरों से निजात दिलाने की मांग की है।

### महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा-112 होगा और हाईटैक : बबीता यादव

**सोहना :** सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन बबीता यादव ने कहा कि राज्य का पुलिस विभाग अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए जल्द ही महिला सुरक्षा को लेकर और अधिक अपडेटेड व हाइटेक होने जा रहा है। इसे लेकर हरियाणा 112 पर महिला सुरक्षा संबंधी नई पहल शुरू होने जा रही है 'सेफ जर्नी' अर्थात् 'सुरक्षित यात्रा' के कॉन्सेप्ट के साथ शुरू होने जा रही यह पहल महिला सुरक्षा को लेकर गेम चेंजर साबित होगी जिससे महिलाओं में सुरक्षा भावना को और अधिक बल मिलेगा और वे सफर करते समय अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकेंगी।

### सूरजकुंड मेले का न्यौता दिया

**सोहना :** गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने सोहना हलके में दर्जनों गांवों का दौरा किया और लोगों को 3 नवंबर से आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में चलने का न्यौता दिया। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार जब होगा, जब एक साल में दूसरी बार फरीदाबाद में यह मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला 10 नवंबर तक चलेगा।

### भगवान श्रीराम हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं : सोहन लाल गर्ग



**सोहना :** समाजसेवी लाला सोहनलाल गर्ग तथा किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रहे व रंगमंच कलाकार प्रदीप गर्ग यहां पर अनाजमंडी स्थित रामलीला मैदान में पहुंचने पर श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं व गले में श्रीराम पटका पहनाकर स्वागत किया और क्लब की तरफ से सम्मान का प्रतीक स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर गर्ग तथा किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रहे व रंगमंच कलाकार प्रदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम हमें सच्चाई और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। हम सभी को भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व सीता से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनका अपने परिवार व समाज के लिए किस प्रकार का त्याग रहा है।

### अपनी संस्कृति को अपनाए युवा पीढ़ी : पंकज भारद्वाज



**सोहना:** स्टेडियम मैदान में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के राजतिलक उपरांत भगवान रामचन्द्र, लक्ष्मण, माता सीता, भरत, शत्रुघ्न गरिमामय उपस्थिति में लगाए गए श्रीराम दरबार में 'प्रतिभा सम्मान एवं पारितोषिक वितरण समारोह' का आयोजन हुआ। कलाकारों, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ प्रमुख लोगों व विशिष्ठजनों को विशेष रूप से सम्मानित करके स्मृति चिन्ह दिए गए।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने कहा कि रामलीला भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक और हमारे देश की धरोहर है, जो हमें प्राचीन संस्कृति की याद दिलाती है। आज इस भागदौड़ भरी जिंदगी में आधुनिकता की बात करने वाले लोगों को सोचना होगा कि वे अपनी संस्कृति को ना भूले। प्राचीन संस्कृति की बदौलत ही भारत विश्व गुरू कहलाया है।

लुधियाना में सीबीएसई नार्थ जोन द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता

# लेबरनम पब्लिक स्कूल के मुक्केबाजों ने जीते 4 गोल्ड मेडल

**चिराग शर्मा ने 80 किलोग्राम, शिवाजी, कंचन और हर्षिता ने भी गोल्ड मेडल पर किया कब्जा**




**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना : गांव भौंडसी स्थित लेबरनम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की बॉक्सिंग टीम ने पंजाब सूबे के लुधियाना में सीबीएसई नार्थ जोन द्वारा आयोजित की गई बाक्सिंग प्रतियोगिता अंडर-17 महिला वर्ग में 4 गोल्ड मेडल जीतकर ना केवल अपने स्कूल, परिजनों, क्षेत्र व सोहना का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल कर एक नया ही इतिहास रच दिया है।

विद्यालय में आयोजित किए गए प्रतिभा सम्मान समारोह में लेबरनम पब्लिक विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष व जानेमाने शिक्षाविद अनिल कौशिक तथा विद्यालय निर्देशक भरत कौशिक व विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने गोल्ड मेडल जीतकर लाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हे अपने विद्यालय के ऐसे विद्यार्थियों पर नाज है।


इस मौके पर विद्यालय समिति प्रबंधक व जानेमाने शिक्षाविद अनिल कौशिक ने इस बात पर खुशी जताई कि विद्यार्थी चिराग शर्मा ने 80 किलोग्राम भार वर्ग वाली छात्र वर्ग की चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया है तो शिवाजी ने अपने भार वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसके अलावा इसी विद्यालय की कंचन और हर्षिता ने इन खेलों में गोल्ड मेडल हासिल कर लेबरनम पब्लिक स्कूल और अपने अभिभावकों व सोहना क्षेत्र का नाम गौरान्वित किया है।

विद्यालय समिति प्रबंधक व जानेमाने शिक्षाविद अनिल कौशिक ने कहा कि वह शुरू से ही खेलों व खिलाड़ियों के प्रति विशेष लगाव प्रदर्शित करते आए है और सदैव खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में आगे रहे है। इसी दृष्टिकोण पर आधारित लेबरनम विद्यालय ने शैक्षिक क्षेत्र के साथ-साथ खेलों में भी अपना झंडा लहराया है। उनका यह हमेशा से प्रयास रहा है कि छात्र खेलों व अकादमिक दोनों में प्रतिष्ठित बने एवं अपनी प्रतिभा विकसित कर सर्वागीण रूप से विकास करे। उन्होने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र खो-खो, कबडडी, फुटबॉल, स्केटिंग, बॉक्सिंग, बोलीबॉल आदि खेलों में भाग लेकर खेलों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहे है।

इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने खेलों के लाभ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्रों का शिक्षा समेत खेलों में भी हिस्सा लेना अति आवश्यक है। जिसके माध्यम से शारीरिक, मानसिक विकास तथा सामाजिक कौशल का भी विकास होता है और आपसी भाईचारे, प्रेम-प्यार, सौहार्द को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ खिलाड़ियों के दिलों-दिमाग में अनुशासन की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि वही खेलों के माध्यम से छात्र परिश्रम व आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना आदि भी सीखते है, जो छात्रों को अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में सार्थक सिद्ध होता है। इस तरह खेल छात्रों के कुशल भविष्य का निर्माण कर कामयाबी हासिल करने में सहायक होते है। अंततः सबने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।

# धान व बाजरे की सरकारी खरीद कार्य ने पकड़ी तेजी

**अब तक 17 लाख क्विंटल धान ज्यादा खरीदी गई है। इस वर्ष सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,183 रुपये प्रति क्विंटल, ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2,203 रुपये प्रति क्विंटल है**



**उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र**

**सोहना।** मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया का कहना है कि हरियाणा की मंडियों में खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुचारू रूप से जारी है। अब तक 577.46 लाख क्विंटल बासमती और गैर बासमती किस्म की धान की खरीद की गई है।

उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर तक 40.84 लाख क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष इस अवधि तक 560.80 लाख क्विंटल धान खरीदी गई थी। शर्मा ने कहा कि इस आंकड़े से साफ है कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अब तक 17 लाख क्विंटल धान ज्यादा खरीदी गई है। इस वर्ष सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2,203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। वर्ष 2022-23 में सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2040 रुपये और ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य 2060 रुपए था।

दिनेश शर्मा खेड़लिया का कहना है कि वर्ष 2022-23 में कुल 945.68 लाख क्विंटल धान खरीदा गया था। हालांकि हरियाणा अभी इस लक्ष्य से 368.22 लाख क्विंटल पीछे है, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले समय में इस लक्ष्य को पार पाते हुए हरियाणा में धान की रिकार्ड खरीद होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि धान की खरीद के साथ ही प्रदेश की मंडियों में समय पर इसकी लिफ्टिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। मंडियों से 516.85 लाख क्विंटल धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 43.46 लाख क्विंटल धान की लिफ्टिंग शेष है। समय पर लिफ्टिंग होने से जहां आढ़तियों और किसानों की परेशानी कम हुई है और खुले में पड़ी फसल के खराब होने का खतरा भी कम हुआ है। इसी तरह प्रदेश की मंडियों में बाजरा की खरीद भी सुगमता से चल रही है। अब तक 40.84 लाख क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है, इसमें से 36.34 लाख क्विंटल बाजरे की लिफ्टिंग की जा चुकी है। केवल 3.69 लाख क्विंटल बाजरे को लिफ्ट किया जाना बाकी है। वर्ष 2022-23 में मंडियों में 19.94 लाख क्विंटल बाजरे की आवक हुई थी जबकि इस वर्ष अब तक 40.84 लाख क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है जो कि पिछले वर्ष से दोगुना है। वर्ष 2022-23 में बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2350 रुपए निर्धारित किया गया था।

# भरत मिलाप के दृश्य ने किया भाव विभोर

**श्रीराम के राजा बनने की खुशी में जमकर खुशियां मनाई गई**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**सोहना।** यहां पर श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित श्रीराम की लीला में श्रीराम राजतिलक व भरत मिलाप का मंचन किया गया। रामलीला में मंच पर भरत-श्रीराम का मिलाप देख लोगों की आंखें छलक आई। भरत व श्रीराम के मिलाप की लीला के वक्त बेहद ही भावुक करने वाले क्षण थे। मिलाप के बाद श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी की गई और मंत्रोच्चारण के बीच श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाया गया। महारानी के रूप में सीता उनके साथ मौजूद रही। श्रीराम के राजा बनने की खुशी में जमकर खुशियां मनाई गई और लडडू वितरित किए गए। स्थानीय श्री सनातनधर्मसभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन व युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, गुलशन आहूजा, पप्पू पठान, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, नंबरदार बिटटू अरोड़ा, विपिन मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मौके पर ग्लोबल सिटी से विशेष आमंत्रण पर आए सोहना लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन अजीत अरोड़ा, एमवी बिल्डकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निर्देशक महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, उद्योगपति अमित पाहूजा, प्रवीण पाहूजा तथा स्थानीय व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर व अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित श्रीराम की लीला में आए और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य वक्ता रूप में ग्लोबल सिटी से विशेष आमंत्रण पर आए सोहना लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन अजीत अरोड़ा, एमवी बिल्डकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निर्देशक महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, उद्योगपति अमित पाहूजा ने कहा कि श्रीराम की लीलाओं से हमें अच्छी प्रेरणा मिलती है।

# विधायक सुधीर सिंगला ने सुनी जन समस्याएं

**उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निश्चित समय में सभी का समाधान करने का आदेश दिया**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**



**सोहना :** यहां पर शहर की अनाजमंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला प्रांगण में भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट ने लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया, जहां सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस ने अपनी समस्याओं को रखा और विधायक सुधीर सिंगला ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को निश्चित समय में सभी का समाधान करने का आदेश दिया।

खुले दरबार में समस्याएं लेकर आए लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला के इस प्रयास की सराहना की।

इस मौके पर भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, अग्रवालसभा के प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, भाजपा नेता सतेन्द्र राघव भौंड़सिया, भाजपा नेता जगदीश अंबावता बैरमपुर, वार्ड-चार से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया, भाजपा नेता कृष्ण मुखी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सक्सेना, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चुग्ग, स्थानीय नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी के प्रतिनिधि लेखराज, पूर्व नगरपार्षद बालूराम सैनी आदि प्रमुखजनों समेत भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों से जुड़े पार्टी पदाधिकारी खासी तादाद में मौजूद रहे।

इस मौके पर भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट ने बताया कि सोहना शहर की अग्रवाल धर्मशाला में आज जनसमस्या निवारण कार्यक्रम के तहत उन्होने वार्ड एक से वार्ड-पांच तक के लोगों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने बताया कि कुछ समस्याओं का मौके पर निवारण किया गया। जिन समस्याओं का मौके पर निवारण नहीं हो पाया, उनका निर्धारित समयावधि के भीतर निवारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।सिंगला ने बताया कि आगे भी वह जनता की समस्याओं को इसी प्रकार दूर करते रहेंगे।

# दिवाली पर खादी ग्रामोद्योग दे रहा 25 प्रतिशत की विशेष छूट

**ग्राहक लाइन में लगकर बारी आने का इंतजार करते नजर आए**

**उमेश गुप्ता ,भरोसा मित्र**

**सोहना ।** खादी ग्रामोद्योग पर इस बार खादी के वस्त्र खरीदने आए ग्राहकों की मौज रहेगी क्योंकि खादी ग्रामोद्योग ने आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में सूती खादी, रेशम सपन खादी व पोली खादी पर खादी के वस्त्र खरीदने वाले ग्राहकों को तीस प्रतिशत की विशेष छूट देने का निर्णय लिया है। जिससे खादी के वस्त्र खरीदने वाले ग्राहक भी खासे खुश नजर आ रहे है।

देखने में आ रहा कि यहां पर आज से खादी ग्रामोद्योग द्वारा संचालित पुरानी सब्जीमंडी और सुशीलनगर स्थित खादी ग्रामोद्योग की दुकानों पर खादी के वस्त्र खरीदने के लिए ग्राहक लाइन में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार करते नजर आए। सोहना खादी ग्रामोद्योग मंडल सचिव नरेन्द्र सिंह यादव तथा युवा समाजसेवी मोहित यादव ने बताया कि हरियाणा खादी ग्रामोद्योग फैडरेशन ने चालू वर्ष में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में खादी के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत विशेष छूट देने का निर्णय लिया है।

सोहना खादी ग्रामोद्योग मंडल सचिव नरेन्द्र सिंह यादव तथा युवा समाजसेवी मोहित यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में 2 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक खादी महोत्सव चल रहा है। इसके तहत लोगों को खादी पहनने और प्रयोग में लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खादी कारीगरों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी देश में खादी को बढ़ावा देने के लिए जीतोड़ प्रयास कर रहे हैं। गडकरी के किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए ही हरियाणा खादी ग्रामोद्योग फैडरेशन ने खादी के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत




विशेष छूट देने का निर्णय लिया है ताकि ग्राहकों का इसकी ओर रुझान बढ़े।

### विधायक संजय सिंह 28 को करेंगे जनसंवाद

**सोहना :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर के अनुसार सोहना हलका से भाजपा विधायक संजय सिंह शनिवार, 28 अक्टूबर को यहां पर 5 गांवों अलावलपुर, बारोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावली में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उपरोक्त गांवों के ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम कर ग्रामीणों को संबोधित करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने यह जानकारी गुरुवार को यहां दी।

त्योहार की तैयारी

जमकर नई साड़ियां खरीदेंगी और मेकअप का सामान भी

# भला हो या बुरा,जैसा भी है मेरा पति, मेरा देवता है

**मेहंदी रचाने वालों ने बीते साल से 3 गुणा अधिक रेट इस बार बढ़ाए, फिर हो रही है जमकर एडवांस बुकिंग**

**उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र**

**सोहना।** इस बार एक नवंबर को करवाचौथ का त्यौहार है। इस त्यौहार को लेकर महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता है।

महिलाओं का सर्वाधिक जमावड़ा ब्यूटीपार्लरों, मेहंदी रचाने वालों, सौन्दर्य प्रसारणों की दुकानों पर लगा हुआ है। इस बार करवाचौथ का त्यौहार पतियों की जेब पर भारी पड़ता दिखाई पड़ रहा है क्योंकि मेहंदी रचाने वालों ने बीते साल से 3 गुणा अधिक रेट इस बार बढ़ा दिए हैं। मेहंदी रचवाने की इच्छुक महिलाओं को पहले ही एडवांस बुकिंग भी करानी पड़ रही है।



### क्या कहती हैं महिलाएं

यहां पर वार्ड-8 में रहने वाली डाक्टर पलक वर्मा का कहना है कि उन्हें करवाचौथ के त्यौहार का पूरे साल इंतजार रहता है। इस दिन वह खूब सज-धजकर तैयार होती हैं। साथ ही करवाचौथ पर पहनने के लिए बाजार से नई साड़ी खरीदकर लाती हैं और लाए भी क्यों ना क्योंकि उनके पति उन्हे बेइंतहा प्यार करते हैं।

नगरपार्षद व घरेलू महिला निर्मला सैनी और राखी बागड़ी का कहना है कि करवाचौथ का त्यौहार सुहागिन महिलाओं के लिए होता है। करवाचौथ के दिन वह व्रत रखती है और रात को छलनी में चंद्रमा देखने के बाद अर्घ्य देकर सबसे पहले अपने पतिदेव के पैर छूती हैं। उसके बाद ही अपना व्रत खोलती हैं। यहां पर फौहाराचौक के पास रहने वाली दीपा सिंगला पत्नी मुकेश सिंगला का कहना है कि त्यौहारों पर महंगाई की मार पड़ती साफ नजर आ रही है, लेकिन महंगाई के बावजूद महिलाओं का उत्साह तनिक भी कम नजर नहीं आता है। पिछले साल उन्होंने 100 रुपए में अपने हाथ पर मेहंदी रचवाई थी, लेकिन इस बार हाथ पर मेहंदी रचवाने के लिए उन्हें 300 रुपए चुकाने पड़े है।

### पूरे विधिविधान और श्रद्धापूर्वक रीति-रिवाज से मनाएंगी

वार्ड-चौदह में रहने वाली मनीषा अग्रवाल का कहना है कि चाहे आज महंगाई ज्यादा बढ़ गई है, लेकिन त्यौहार पर सामान खरीदने का अपना अलग ही मजा है। करवाचौथ पर अपने पति को रिझाने के लिए वह ब्यूटीपार्लर पर मेकअप कराने जाएंगी। साथ ही आकर्षक साड़ी भी खरीदेंगी। करवाचौथ वाले दिन अपने पति की दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए व्रत खोलेगी। गांव सोहनाढाणी में रहने वाली नंबरदारनी कविता सैनी और शहर के वार्ड-चौदह में रहने वाली नमिता गुप्ता का कहना है कि वह हर वर्ष करवाचौथ के व्रत को पूरे विधिविधान और श्रद्धापूर्वक रीति-रिवाज से मनाती आ रही है। भले ही आज आधुनिक जमाना है लेकिन अपनी प्राचीन परम्पराओं और भारतीय संस्कृति को हर्गिज नहीं भूलना चाहिए क्योंकि ऐसे त्यौहार ही हमें हमारे दायित्व और परिवार के प्रति कर्तव्य का बोध कराते है। गांव रायसीना की रहने वाली शिक्षिका कैलाश देवी यादव पत्नी देवेन्द्र यादव ने सकुचाते-शर्माते हुए कहा कि उन्हें अपने पति से बहुत ही प्यार है। मेरी ईश्वर से यहीं प्रार्थना है कि जिस तरह मेरे पति मुझसे बेइंतहा प्यार करते है, ऐसे ही अन्य महिलाओं के पति भी उनसे उसी लगाव से प्यार करे ताकि पति-पत्नी के बीच बना प्यार का दौर ऐसे ही चलते हुए जिंदगी हंसी खुशी कटे। सिरहौल ढाणी में रहने वाली निर्मला यादव, किरण यादव, गांव किरंज में रहने वाली समाजसेविका सुनीता यादव, बांध कॉलोनी रोड पर रहने वाली मधु राघव का कहना है कि पति-पत्नी को एक-दूसरे पर पूरा विश्वास होना चाहिए। एक-दूसरे के प्रति समर्पण की भावना हो। तभी गृहस्थी बढ़ियाा चलती है। वह करवाचौथ के लिए कई दिन पहले से ही तैयारियां करने में जुट जाती है। हर साल उनका करवाचौथ धूमधाम से मनता है।


सिरसका गांव में रहने वाली सुनीता बोकन, डाक्टर निशेंदु यादव, सुशीलनगर कॉलोनी में रहने वाली शिवानी यादव, उषा सैनी धर्मपत्नी दिनेश सैनी, पूजा सैनी धर्मपत्नी दयानंद सैनी, गांव जोहलाका में रहने वाली पूनम भामला, गांव भौंड़सी में रहने वाली प्रोफेसर योगिता यशबीर राघव, शहर में पलवल रोड़ पर रहने वाली प्रोफेसर पलक वर्मा, श्यामवती सैनी आदि महिलाओं का कहना है कि त्यौहार को बढ़िया तरीके से मनाने के लिए तैयारियों में जुटी है। श्रंगार का सामान खरीदने के साथ-साथ कई नयी साड़ियां भी खरीदी हैं और अपने हाथों पर मेहंदी रचवाने के लिए वह ब्यूटीपार्लर जाएंगी।

### महंगाई के बावजूद उत्साह है पूरा

चूड़ी व श्रंगार सामग्री विक्रेता मदन सिंह चौहान, सतपाल, देविन्द्र चौहान, सतप्रकाश सिंगला आदि दुकानदारों का कहना है कि चाहे महंगाई बढ़ गई है, लेकिन महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता है। उनकी दुकानों पर सामान खरीदने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ लगी है। ऐसे में दोपहर के वक्त वह भोजन करने के लिए घर पर भी नहीं जा पा रहे हैं। भोजन दुकान पर ही मंगाकर कर रहे हैं।

### बाजारों में जुटी भीड़

बता दें कि सोहना में करवाचौथ के त्यौहार को लेकर सजे बाजारों में जबरदस्त रौनक के साथ ही महिलाओं की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। महिलाओं के लिये सबसे ज्यादा खास महत्त्व रखने वाले करवाचौथ के त्यौहार पर हिन्दू समाज की महिलायें अपनी सुहाग की रक्षा और उनकी दीर्घायु के लिये ना केवल उपवास रखती है बल्कि हाथों में आकर्षक मेहंदी सजा, रंग-बिरंगी डिजाइनयुक्त चूड़ियां, आकर्षक मनमोहक ब्रेसलेट पहन लुभावने परिधान और तरह-तरह के पकवानों के बीच अपने सुहाग रूपी पतिदेव को रिझाने में कोई कसर नहीं बाकी छोड़ती हैं।









## खबर फटाफट

### प्लेसमेंट सेल ने कराया नवाचार फैलोशिप पर कार्यशाला का आयोजन



**गुरुग्राम।** सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 में प्राचार्य मधु अरोड़ा के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन कराया गया। बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के एसीआईसी संस्थान के साथ कराई गई कम्युनिटी इनोवेशन फेलोशिप कार्यक्रम पर केंद्रित इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के वाणिज्य खंड में हुआ। उक्त कार्यक्रम में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 90 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। देश की अर्थव्यवस्था में छोटे उद्यमियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उद्यमशील विचार और नवाचारों के आधार पर इसी आयु वर्ग का युवा अपने साथ-साथ अनेकों लोगों को रोजगार युक्त करने का सामर्थ्य रखता है। मुख्य वक्ता नेहा ने प्रकल्प की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने स्टार्टअप और उससे जुड़े आयाम पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया।

### डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने गुरुग्राम में की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक

**गुरुग्राम।** प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ऑपरेशनल रिव्यू कमेटी (ओआरसी) बैठक की। सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में बिजली निगम द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की समीक्षा की गई और करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों का विवरण दिया गया। प्रबंध निदेशक ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दिसंबर माह से पहले हमारे जो भी पैरामीटर है। उन पर कार्य करते हुए जिन जिलों में लाइन लॉस ज्यादा हैं उनमें आवश्यक सुधार लाने का प्रयास करें। वहीं जिन स्थानों पर सर्वाधिक चोरी की घटनाएं हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर दोषी के खिलाफ निर्धारित कार्रवाई अमल में लाई जाए। प्रबंध निदेशक ने कहा कि जिन 11 केवी फीडर पर उनकी निर्धारित क्षमता से अधिक लोड है उसे आगामी गर्मियों से पहले मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उनकी लोड क्षमता बढ़ाई जाए।

### पुलिस ने साईबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**गुरुग्राम।** हरियाणा पुलिस अक्टूबर माह को साइबर सुरक्षा माह के रूप मे मना रही है, इसी सुरक्षा अभियान को सफल बनने के उदेश्य से गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों कम्पनी/स्कूल इत्यादि मे जाकर घर से कार्य करते समय या ऑफिस/कंपनी मे कार्य करते समय साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत रहने के लिए व रिमोट वर्किंग से उत्पन्न होने वाले खतरों व ऑनलाइन खतरों से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। जिसमे लोग अपने कार्य करने के बाद अपने मोबाइल व लैपटॉप इत्यादि को लोगआउट किये बिना छोड देते है, या कंपनी मे कार्य करने वाले व्यक्ति अपने सभी सिस्टम एक्सेस व वाई-फाई आदि को बिना रिसेट व बंद करें चले जाते जिस से हैकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते है। इस तरह की साईबर ठगी से सम्बन्धित चीजों को रोकने के लिए वीरवार को पुलिस आयुक्त साइबर अपराध विपिन अहलावत के नेतृत्व में थाना साईबर अपराध दक्षिण की पुलिस टीम ने सैक्टर-63 में, थाना साईबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैक्टर-12 में, थाना साईबर अपराध मानेसर की पुलिस टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल गांव खोह और थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने मैट्रो हुडा सिटी सेंटर पर जाकर लोगों को साईबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इन सभी कार्यकमों के माध्यम से कंपनी मे कार्य करने वाले, मेट्रो मे यात्रा करने वाले यात्रियों, और स्कूल मे पढने वाले छात्र या छात्राओं,अध्यापको व स्कूल स्टॉफ को साईबर अपराधों से सम्बंदित महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया और बताया गया की कंपनी व स्कूल के सभी ऑफिस से सम्बन्धित डाटा को सुरक्षित रखने के लिए एक सुरक्षित और स्ट्रांग पासवर्ड का प्रयोग करें। सभी प्रोग्रामों पर डिफॉल्ट कंफरिग्रेशन का विकल्प न चुनें। अपनी निजी आवश्यकताओं के आधार पर कस्टम सेटिंग्स का उपयोग करें।

### नवंबर माह में औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिको की स्वास्थ्य जांच के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**गुरुग्राम।** जिला गुरुग्राम व रेवाड़ी में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिको की स्वास्थ्य संबंधित जांच के लिए श्रम विभाग द्वारा नवंबर माह में अलग-2 तिथियों को विशेष स्वास्थ्य कैम्प व जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएंगे। विभाग की उप निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य) ने बताया कि केम्प में श्रमिको को पर्सनल प्रोटेक्टिव वियर इस्तेमाल करने का महत्व भी बताया जाएगा जिसके कारण बहुत सारी बीमारियों से श्रमिक अपना बचाव भी कर सकते हैं। उन्होंने नवंबर माह में आयोजित होने वाले विशेष जांच शिविरों की जानकारी देते हुए बताया कि दो नवंबर को उद्योग विहार फेज वन के प्लाट संख्या 198 में व तीन नवंबर को प्लाट संख्या 239 में, छह नवंबर को सेक्टर 34 स्थित मैसर्ज विजन आरएक्स लैब प्राइवेट लिमिटेड, सात नवंबर को गांव नाहरपुर कासन स्थित मिंडा लाइटिंग लिमिटेड, 17 नवंबर को मानेसर के सेक्टर 7 के प्लॉट संख्या 408, इक्कीस नवंबर को आईएमटी के सेक्टर तीन स्थित सत्यम ओटो कंपोनेन्ट व बाइस नवंबर को कृष्णा मारुति में, चौबीस नवंबर को जिला रेवाडी के बावल स्थित कोनवेंट्री क्वाइल ओमाटिक लिमिटेड, अठाइस नवंबर को बावल के सेक्टर 8 स्थित डीबीजी टेक्नो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उन्नतीस नवंबर को बावल सेक्टर 6 स्थित हको मशीनरी प्राइवेट लिमिटेड व तीस नवंबर को सेक्टर 7 स्थित आदित्य ऑटो प्रोडक्ट में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

## जीआरएपी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निगम सख्त

# 95 व्यक्तियों पर लगाया चार लाख 87 हजार रुपये का जुर्माना

### शहर में लगातार निगरानी कर रही नगर निगम की टीमें

भरोसा मित्र डेस्क

गरुग्राम। केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू किए गए ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम गुरूग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत अब तक 95 उल्लंघनकर्ताओं पर 4 लाख 87 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि जीआरएपी के तहत कचरा जलाने, कचरा व मलबा फैलाने, निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों में पर्यावरण नियमों की अवहेलना तथा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान है। नगर निगम गुरूग्राम की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं तथा प्रदूषण बढ़ाने वाली प्रतिबंधित गतिविधियां करने वालों के चालान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब तक 95 उल्लंघनकर्ताओं के चालान करते हुए उन पर 4 लाख 87 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। इनमें डस्टबिन नहीं रखने के मामले में 30, कचरा जलाने के मामले में 3, मलबा फैंकने के मामले में 12, कचरा फैलाने के मामले में 2, दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर निर्माण करने के मामले में 33 तथा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की अवहेलना के मामले में 15 चालान शामिल हैं।






**क्या कहते हैं संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार**

नगर निगम गुरूग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त आयुक्त (एसबीएम) डा. नरेश कुमार के अनुसार जीआरएपी की पालना करना सभी के लिए अनिवार्य है तथा उलंघन करने वालों के चालान किए जा रहे हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा जीआरएपी की पालना में सड ों की सफाई मैकेनाईज्ड करवाई जा रही है तथा धूल को उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव भी लगातार जारी है।

## मंडल स्तरीय बाल महोत्सव 2023 का रंजीता मेहता ने किया शुभारंभ



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। जिला के सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में आज गुरुग्राम मंडल की मंडल स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता का शुभारंभ हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने रिबन काटकर व द्वीप प्रज्जवलित कर किया। महोत्सव में समूह एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताओं में गुरुग्राम मंडल के अन्तर्गत आने वाले जिले रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ व गुरुग्राम की जिला स्तरीय बाल महोत्सव में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया। रंजीता मेहता ने कहा कि दक्षिण हरियाणा में विशेषकर जिला गुरुग्राम,महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी क विद्यार्थियों में सांस्कृतिक प्रतिभा कूट कूट कर भरी हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद समस्त हरियाणा के विद्यार्थियों को उनकी कला को निखारने हेतु बाल महोत्सव के जरिए शानदार मंच उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर एवं 30 अक्टूबर को भी आयोजित होगा। बाल महोत्सव में जिला गुरुग्राम बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने स्मृति चिह्न व सॉल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मंच संचालक व शायर अशरफ मेवाती ने रंजीता मेहता को पगड़ी बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर मंडल बाल कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र यादव, प्राध्यापक रामकृष्ण वत्स, वंदना दुबे, बिंदु दक्ष,भारती, सरस्वती, निर्णायक मंडल के सदस्य महेश, ज्योत्सना, गीता, पूनम, सीमा सहित जिला बाल कल्याण परिषद से जितेंद्र डबास, मीनाक्षी यादव,सैंकड़ों प्रतिभागी विद्यार्थी,शिक्षक गण और अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## 5 दिवसीय जिला यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन भी दिए टिप्स




एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल व उपायुक्त निशांत कुमार यादव एवं अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय जिला युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन गतिविधियां की गई। शिविर में जिले के 20 कॉलेज से लगभग 150 विद्यार्थी व यूथ रेड क्रॉस काउंसलर भाग ले रहे हैं। कैम्प के समन्वयक जिला प्रशिक्षण अधिकारी ईशांक कौशिक व नीलम वशिष्ठ ने संचालन कार्य सम्भाला। शिविर के दूसरे दिन आरके अग्रवाल ने स्वास्थ्य जागरुकता एवं योग करवाया। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी सेहत के प्रति जागरुक रहना चाहिए। हमें योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। यही कारण है कि लोग कई तरह की बीमारियों से घिरे रहते हैं। मोटापे के अलावा ह्दय समेत कई रोगों से हमारा जीवन प्रभावित हो रहा है।कर्नल पीके भल्ला ने कहा कि नशीली दवाओं को ना लेने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसी गलत आदतों से बचना चाहिए। युवाओं को इससे जागरुक रहना चाहिए। समाज को भी इस दिशा में जागरुक रहना चाहिए। एके पांडेय ने सामाजिक कार्यों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएं।

## नवीन गोयल ने मनोहर सरकार के 9 साल पूरे होने की युवाओं के साथ मनाई खुशी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। मनोहर सरकार के 9 साल पूरे होने की खुशी में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने गुरुवार को युवाओं के साथ आभार कार्यक्रम आयोजित कर खुशी मनाई। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार का इस बात के लिए आभार जताया कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता बरती गई। प्रदेश में समान विकास और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर कीर्तिमान स्थापित किए। युवा आकाश और दीपांशु की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवीन गोयल ने कहा कि अपने 9 साल के कार्यकाल में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने जवानों, किसानों, महिलाओं, युवाओं समेत हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किए। नई-नई योजनाएं बनाकर उनका अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया। आज पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभारी है, जिन्होंने तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करके हर विभाग में पारदर्शिता लाने का काम किया। एक तरह से डिजिटल क्रांति हरियाणा में लायी गई। आज घर बैठे ही नौकरियों के आवेदन हो रहे हैं और घर बैठे ही राशन कार्ड बन रहे हैं। प्रदेश में निष्पक्ष काम करने का यह सबसे बड़ा प्रमाण है कि 9 साल में 1 लाख 14 हजार 210 सरकारी नौकरियां दी गई। पूर्व की सरकारों से आगे बढकर काम करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 30 प्रतिशत अधिक नौकरियां दी। जैसे ही 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल बनें तो उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता पर काम किया। सिफारिश और रुपये देकर नौकरी की प्रथा को बंद करने पर उन्होंने चोट की।

बिना पर्ची या बिना खर्ची के नौकरी नहीं मिल सकती, इस कुप्रथा को भी उन्होंने समाप्त करके प्रतिभावान युवाओं को ही नौकरियां देने का काम किया। गरीब के घर से भी एचसीएस बने हैं, यह मनोहर सरकार की नौकरियों में पारदर्शिता है।

## पीसीआर व ईआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई साफ्ट स्किल ट्रैनिंग

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। आमजन के साथ बेहतर कम्युनिकेशन बनाने के लिए पुलिस पीसीआर व ईआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल ट्रैनिंग दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त डीएलएफ विकास कौशिक के नेतृत्व में उद्योग विहार क्षेत्र में यह कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में वंदना राव शामिल हुई। सॉफ्ट स्किल थीम पर आधारित इस विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में गुरुग्राम पुलिस में ईआरवी वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मियों व दुर्गा शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों सहित करीब 200 पुलिस कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित पुलिसकर्मियों को फोन कॉल प्राप्त हो तो कैसे बात करनी है, किसी झगड़ें में पुलिसकर्मी को कैसे बात करनी है, किसी पीडित महिला या विपक्षी महिला के साथ किस तरह से बात करें, गलत व्यवहार करने पर किस तरह से बात करें तथा बातचीत करते समय व्यक्ति, महिला, बुजुर्ग व बुजुर्ग महिलाओं को क्या कहकर सम्बन्धित करें इत्यादि बारे में बताया गया। इस दौरान पहले घटित हुई घटनाओं/मामलों में हुई कमियों के बारे बताया गया व उस समय किस तरह से बातचीत करके उस घटनाओं को अलग रूप दिया जा सकता था के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान रोल प्ले इवेंट करके सीन क्रिएट किए गए व उन्हें हैंडल करके दिखाया गया।



### 36 पात्रों को मिल चुकी है 34.50 लाख की वित्तीय सहायता : डीसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने आर्थिक रूप से कमजोर एससी वर्ग के परिवारों की भलाई के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए हुए हैं। जिनका लाभ उठाकर लोगों को स्वरोजगार दिया जा रहा है। डीसी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस व महिला समृद्धि योजना के तहत एससी परिवार की महिलाओं को एक लाख रूपए का लोन देने की स्कीम चलाई हुई है।

## 70 संस्थाओं ने मिलकर मनाया बोधराज सीकरी का जन्मदिन



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

### मुख्यमंत्री मनोहरलाल व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ ने ऑनलाईन दिया आशीर्वाद व संदेश

गुरुग्राम। पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में जुटे हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी के 70वें जन्मदिन पर ब्लिस बैंक्वेट हॉल में हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 70 सामाजिक, धार्मिक और औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपना आशीर्वाद लिया। 1500 से अधिक साधकों ने 21-21 बार हनुमान चालीसा पाठ कर 4 लाख पाठ का आंकड़ा पार किया। महा मंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने भी उन्हें अपना आशीर्वाद दिया और समाजसेवा के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की। किसी कारणवश प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ द्वारा कार्यक्रम में न पहुंचने के कारण उन्होंने उनके द्वारा दी गई ऑनलाईन बधाई को बोधराज सीकरी ने मंच पर माइक से वहां पर खचाखच भरे प्रांगण में लोगों को सुनाया। कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय बोर्ड व चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, विधायक सुधीर सिंगला, जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पूर्व मेयर मधु आजाद, पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, डा. परमेश्वर अरोड़ा, रामकिशन गांधी, सिद्धार्थ यादव, महामत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, पूर्व उप महापौर के पति अनिल यादव, पूर्व पार्षद अनिल यादव, अश्विनी वर्मा, पूर्व उप महापौर परमिंदर कटारिया, भाजपा नेत्री पूनम भटनागर अधिवक्ता, मोनिका स्वामी, अर्जुन आदि मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़ ने अपने पुत्र आदित्य धनखड़ को आयोजन में भेजनकर शुभकामनाएं दी। इसके अलावा गढ़ी-हरसरु स्थित माता वैष्णो मंदिर की अधिष्ठाता पूनम माता, ज्योतिषाचार्य डा. अलका शर्मा, गोपीनाथ मंदिर अर्जुन नगर के चूडामणि गोसाईं, बालाजी मंदिर की अधिष्ठाता देवता महाराज की पुत्री आशा सेठ, संघ परिवार के जगदीश ग्रोवर ने भी अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में डा. अशोक दिवाकर ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी एचएस चावला, फोरबा के चेयरमैन धर्मसागर, आईडीए के अध्यक्ष केके गांधी, जीआईए के अध्यक्ष जेएन मंगला, जीएवी इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन प्रदीप कौशिक, केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान अशोक आर्य, कन्हैयालाल आर्य,

**बैठक** विधायक आफताब अहमद ने ली कार्यकर्ता बैठक, लोकसभा, विधानसभा चुनावों पर जोर

# जजपा-इनेलो जैसे दल भाजपा के सहयोगी : आफताब

### भाजपा पर मेवात की अनदेखी का लगाया आरोप

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों का बिगुल बजाते हुए बृहस्पतिवार को नूंह के इंडरी खंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सोहना कार्यालय पर लेते हुए कहा कि भाजपा जजपा सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। इस दौरान विधायक आफताब अहमद के सोहना कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई और कार्यकर्ताओं में गजब का जोश दिखाई दिया। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीते नौ साल में मेवात में कोई विकास कार्य नहीं हुए बल्कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार द्वारा मंजूर परियोजनाओं को भी लटका दिया गया। कांग्रेस ने जहां मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, कई आई टी आई, कोटला झील, कई बस अड्डे, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, मेवात के लिए अलग शिक्षा कैडर, राजीव गांधी रैनीवैल परियोजना, बादली परियोजना, नए मेवात माडल स्कूल, रोजगार आदि की सौगात दी थी। कांग्रेस ने केंद्रीय विद्यालय सालाहे ी, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल छपेड़ा, नगीना में एम डी यू रीजनल सेंटर, नूंह में प्राथमिक स्कूल, मेवात कैनाल की मंजूरी दी थी लेकिन सरकार बदलने के बाद भाजपा सरकार ने इन्हें थंडे बस्ते में डाल दिया। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि इस सरकार में मेवात को विकास के बजाय दंगे और बदनामी का दंश झेलना पड़ा है। कांग्रेस विधायक दल उपनेता आफताब अहमद ने कहा कि आजकल कुछ ऐसी पार्टियां भी मेवात में घूम रही हैं जो दिखावा भाजपा के विरोध का करती हैं लेकिन हैं उनकी सहयोगी फिर चाहे वो इनेलो हो या जजपा। पिछले विधानसभा चुनावों में भी जजपा ने भाजपा विरोध का नाटक कर चुनाव बाद उनकी गोद में बैठे नजर आए, यही हाल अब इनेलो का है।



### कार्यकर्ता संघर्ष करते रहें कांग्रेस की जीत पक्की

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष करते रहें क्योंकि उस संघर्ष की अब जीत होने को है। पांच प्रदेशों में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और हरियाणा में बंपर बहुमत से कांग्रेस सत्ता में वापसी करेगी। वहीं पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं, मेवात की सभी सीटों पर कांग्रेस विजय होगी क्योंकि केवल कांग्रेस व उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इलाके के हकों की लड़ाई मजबूती से लडी है। कांग्रेस सरकार बनने पर सभी को उचित मान सम्मान मिलेगा और रुके हुए विकास कार्य फिर से शुरु होंगे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष करते रहें क्योंकि उस संघर्ष की अब जीत होने को है। पांच प्रदेशों में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और हरियाणा में बंपर बहुमत से कांग्रेस सत्ता में वापसी करेगी।आफताब अहमद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाते हुए कहा कि वो उनके रीढ की हड्डी हैं और जो मान सम्मान उन्हें दिया है उतना ही वो अपने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का ख्याल रखते हैं।

## खबर फटाफट

### कबड्डी प्रतियोगिता में 13 जिलों के लगभग 160 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया




**नारनौल।** खटोटी कलां में स्थित एक निजी स्कूल में 23 से 25 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कलस्टर कबड्डी -15 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के 13 जिलों के लगभग 160 स्कूलों की टीमों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्कूल के चेयरमैन अत्तर सिंह यादव ने सभी टीम कोच व खिलार्डो ों का खेल भावना के साथ खेलने पर धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि खेलों का जीवन में उतना ही महत्व है जितना जीवन में पढ़ाई का है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे ऐसे ही खेल भावना से खेलते रहे तो एक दिन ये बच्चे बहुत ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कलस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर रोहतक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद महेन्द्रगढ़ की टीम द्वितीय, गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल राजली हिसार की टीम ने तृतीय स्थान व प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सकेंडरी स्कूल खरखौदा सोनीपत की टीम चौथे स्थान पर रही। इसी के साथ बाहर से आए हुए सभी टीमों के कोचों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी टीमों के कोच व खिलाड़ियों के साथ-साथ स्कूल के सभी अध्यापकगण भी मौजूद थे।

### हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन करेंगे बिजली मंत्री

**तावडू ।** उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर में स्थित कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान में आगामी 29 अक्टूबर को हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन करने के लिए हरियाणा के बिजली एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह पहुंचेंगे। जो 29 अक्टूबर को प्रात÷10 बजे मासिक हवन में शामिल होंगे। यह जानकारी कामधेनू संस्था के संस्थापक एसपी गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि वह कामधेनु आयुर्वेदिक वेलनेस संस्थान का अवलोकन भी करेंगे। उनके साथ पूर्व मंत्री विपुल गोयल, तिगांव से विधायक राजेश नागर, हरि मंदिर आश्रम पटौदी के अधिष्ठाता स्वामी धर्मदेव महाराज, धर्म योग फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी योग भूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

### स्वामी विवेकानंदजी के जन्मोत्सव पर 12 से 16 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाएगा

**तावडू।** खेल एवं युवा मामले मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंदजी के जन्मोत्सव पर 12 से 16 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी जिला उपायुक्त धीरेंद्र खडे टा ने देते हुए बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में किसी भी शिक्षण संस्थान का विद्यार्थी अथवा जिला का मूल निवासी हिस्सा ले सकता है। जिसकी आयु 15 से 29 वर्ष तक हो। जो मूल दस्तावेज की फोटो प्रतियों के साथ आवेदक को राजकीय आईटीआई नूंह अथवा किसी भी राजकीय आईटीआई में 31 अक्टूबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने् एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में 20 व 21 नवंबर को आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लें। क्योंकि ऐसे ही मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने से हमारा हौंसला बढ़ता है और जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर जिला स्तरीय महोत्सव 20 से 21 नवंबर तक आयोजित होगा।

### फिर बाइक चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**तावडू।** शहर के पटौदी रोड पर स्थित एक बैंक के सामने खडी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के वार्ड नंबर 4 निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक को सांय 7 बजे के लगभग पटौदी रोड पर स्थित ग्रामीण बैंक के सामने खडा कर जिम करने चला गया। जब वह जिम कर वापिस आया तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। उसने बाइक की काफी छानबीन की, लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने सुरेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### गुरुग्राम मंडल के आयुक्त ने चिन्हित अपराधों को लेकर की वीडियो कांफ्रेंसिंग

**नारनौल ।** चिन्हित अपराधों को लेकर गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने आज अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस) व अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस मौके पर श्री बिढान ने निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों में पीड्ति पर सामाजिक दबाव होने का अंदेशा भी रहता है। ऐसे मामलों में पीड्ति की सुरक्षा की जाए। जरूरत पडने् पर उसकी काउंसलिंग भी की जाए।
उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालय में मजबूत पैरवी के साथ ऐसे मामलों में त्वरित न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। विटनैस प्रोटक्शन स्कीम के तहत अगर कोई गवाह सुरक्षा मांगता है तो उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरत न होने पर आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए न्यायालय में पेशी कराई जाए। इससे पुलिस प्रशासन की व्यस्तता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि पीड्तिों को एक निश्चित समय अवधि में न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए ताकि समाज पर इसका सही असर पड़े। इस बैठक में नगराधीश डा. मंगल सेन, जिला न्यायावादी रमणीक यादव तथा डीएसपी जय स्वर्ण सिंह मौजूद थे।

## नगर परिषद बनने के बाद हुई नूंह शहर की बदतर हालत

# रात होते ही अंधेरे में डूब जाता है शहर

### करोड़ों की लागत से लगी शहर में स्ट्रीट लाइट बनी शोपीस

### पिछले एक साल से विकास कार्यों के लिए तरस रहे हैं शहर के लोग





**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । नगर परिषद बनने के बाद नूंह शहर की विकास कार्य ना होने से बत्तर हालात होती जा रही है, जब नूंह नगर पालिका नगर परिषद में तब्दील हुई थी, तो शहर के लोगों को उम्मीद और आस जगी थी कि शहर का अब स्वर्णिम विकास होगा। लेकिन लोगों को क्या पता था कि नगर परिषद बनने के बाद शहर विकास की एक-एक ईंट को तरसेगा। शहर के लोगों ने बताया कि आज नूंह नगर परिषद के चुनाव को लगभग एक साल से भी ज्यादा समय हो गया है, लेकिन शहर में विकास के नाम पर एक भी ईंट नहीं लगी है। इतना ही नहीं जहां शहर के सभी पार्षद विकास कार्य न होने से हताशा महसूस कर रहे हैं, वही नगर परिषद के अध्यक्ष भी शहर में विकास कार्य न होने से मायूस नजर आ रहे हैं। अगर शहर में पिछले विकास कार्य की बात करें तो शहर के चारों ओर शहर के अंदर लगी हुई रास्तों और सड़कों पर लाखों रुपए की स्ट्रीट लाइट शोपीस बनकर रह गई है। लेकिन उनके सुधार के लिए नगर परिषद के पास अभी कोई उपाय नहीं है। एक साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आज नूंह शहर रात होते ही अंधेरे में डूब जाता है। जिससे शहर में चोरी की घटनाएं और अन्य वारदात होने का अंदेशा बना रहता है। शहर के लोग अंधेरा होने के बाद शहर की गली और रास्तों पर निकलने में कतराने लगे हैं ,लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसा नहीं है कि शहर में रास्तों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है, करोड़ों रुपए से लगी स्ट्रीट लाइट खराब होने के चलते मात्र शोपीस बनकर रह गई है। लेकिन इनकी शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है। जिससे शहर के लोगों को अंधेरे में ही रास्तों पर चलकर रात गुजारनी पड़ रही है। आपको बता दें कि नूंह नगर परिषद ने चुनाव से पहले शहर में स्ट्रीट लाइट लगाई थी, लेकिन लाखों रुपए की लागत से लगी स्ट्रीट लाइट देखरेख के अभाव में चंद दिनों बाद ही खराब हो गई और फिर उन्हें ठीक भी नहीं किया गया। यह लाइट शहर को चकाचौंध करने के लिए लगाई गई थी। लेकिन अब यह लाइट सिर्फ शोपीस बनकर ही रह गई है। नूंह शहर के मुख्य बाजार की हम बात करें तो रात के समय बाजार अंधेरे में डूब जाता है। स्ट्रीट लाइट खराब होने की वजह से दुकानदार भी अपनी दुकानों को जल्दी ही बंद कर घर चले जाते हैं।

### क्या कहते हैं नगर परिषद के चेयरमैन संजय मनोचा



जब नगर परिषद के चेयरमैन संजय मनोचा से स्ट्रीट लाइटों के बारे में बात कि तो उन्होंने कहा कि यह स्ट्रीट लाइट अब से पहले जब नगर पालिका के समय के अध्यक्ष द्वारा लगाई गई थी,जो अब पूरी तरह खराब पड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें नई लाइटें लगाने की अनुमति मिल गई है। जिनका टेंडर जल्दी ही छोड़ा जाएगा और आने वाले त्योहारों से पहले शहर को दूधिया रोशनी से जगमग कर दिया जाएगा।

### दुकानदार बोले, जल्दी दुकानें बंद करनी पड़ती हैं

शहर के दुकानदारों का कहना है कि अंधेरा होने की वजह से जल्दी दुकानें बंद करनी पड़ती हैं। कई बार तो बाजार में अंधेरा होने की वजह से दुकानों में चोरी तक हो गई है। इन स्ट्रीट लाइटों की तरफ नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं है।

## यादराम गर्ग ने विधानसभा चुनाव को लेकर शुरू किया जनसंपर्क अभियान

# बोले, शिक्षा, स्वास्थ्य व बेरोजगारी के लिए काम करना ही मुख्य उद्देश्य

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



**क्षेत्र के लोगों का मिल रहा है भारी प्यार और आपार समर्थन: यादराम गर्ग**

नूंह । हरियाणा में विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन मेवात जिले की तीनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने अपनी कमर अभी से कस ली है और क्षेत्र का दौर शुरू कर जनता से मिलना जुलना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पुनहाना विधानसभा से जनता के भारी समर्थन के साथ पुनहाना विधानसभा से चुनाव लड़ने की ताल ठोक चुके पिनगवां कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी व पुनहाना मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन यादराम गर्ग ने चुनाव लड़ने के लिए अपनी सभी तैयारियां पूरी कर पूरे विधानसभा क्षेत्र में अपने बड़े-बड़े होर्डिंग लगा दिए हैं और लोगों से मिलना जुलना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं उनके गांवों में पहुंचने पर उन्हें क्षेत्र के लोगों का भरी प्यार और समर्थन भी मिल रहा है। जिससे वह लगातार ऊर्जावान होकर पुनहाना विधानसभा के सभी गांवों में लोगों से बैठक कर उनसे अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं। वरिष्ठ समाज सेवी यादराम गर्ग का कहना है कि चुनाव लड़ना उनका मकसद नहीं है, चुनाव जीतकर क्षेत्र की कई दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान कराना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे नेता गालियों, रास्तों और नालियों पर ही हटके हुए हैं। आज तक इन नेताओं से हमारे गांव के रास्ते और नालियां ही नहीं बन पाई है तो हमारे युवाओं के लिए रोजगार के साधन और हमारे बच्चों को बेहतर शिक्षा के साधन हमें कैसे उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि आज जहां स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा ,बेरोजगारी मेवात में पनप रही है, वही बढ़ती हुई नशाखोरी ने मेवात के युवाओं का भविष्य खतरे में डाल दिया है। लेकिन यहां के नेताओं ने कभी नहीं सोचा कि मेवात के युवाओं को शिक्षा ,स्वास्थ्य और रोजगार की भी जरूरत है। यादराम गर्ग ने कहा कि जब चुनाव नजदीक आते हैं तो युवाओं को बहला फुसलाकर उक्त नेता उनसे अपनी रेलिया में भीड़ जूटवाकर उनसे ताली बजवाने का काम कराते हैं, लेकिन जब वह चुनाव जीत जाते हैं तो उन्ही युवाओं से बात करना तो दूर उनका फोन तक भी यह नेता नहीं उठाते और 5 साल चुनाव जीतकर चंडीगढ़ में ऐसो आराम की जिंदगी जीते हैं। यादराम गर्ग ने कहा कि वह चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं और क्षेत्र की जनता का उन्हें भारी प्यार और समर्थन भी मिल रहा है। क्षेत्र के लोग उन्हें बखूबी जानते हैं कि वह 36 बिरादरी के नेता हैं। हिंदू ,मुस्लिम, सिख व इसाई सभी समाज और सभी धर्म के लोग उन्हें अपना मानते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी क्षेत्र के लोगों को उनकी जरूरत पड़ी है वह हमेशा उनके बीच में उनके सुख-दुख में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुनहाना विधानसभा में जब भी नेताओं की क्षेत्र की जनता को जरूरत पड़ी है वह अपने घरों में आराम से बैठे रहे, लेकिन जनता के बीच जाकर जनता के सुख-दुख में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को राजनीतिक में लाने का कोई हक नहीं बनता, जो लोग क्षेत्र की जनता को बुरे वक्त में अकेला छोड़ देते हैं।
उन्होंने कहा कि अगर वह विधानसभा पहुंचे तो पुनहाना विधानसभा को प्रदेश की सबसे विकसित विधानसभा में लाकर खड़ा कर दूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतकर पैसा कमाना उनका मकसद नहीं है, जनता की सेवा करना और जनता के सुख दुख में शामिल होकर क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाना ही उनका मुख्य मकसद है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए उनके घर के दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं। यादराम गर्ग ने कहा कि जल्द ही पुनहाना विधानसभा के लोगों की एक बड़ी बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में बातचीत की जाएगी। पुनहाना से विधानसभा चुनाव बड़ी तैयारीयों के साथ लड़ने का मन बन चुके यादराम गर्ग ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को अभी से सुनकर उनका समाधान करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने रवाना हुए सफाई कर्मचारी

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**




तावडू । शहर की नई अनाजमंडी में ग्रामीण सफाई कर्मचारी गुरूवार को एकत्र हुए और हरियाणा के मुख्यमंत्री के आवास के घेराव के लिए करनाल रवाना हुए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी गत 13 अक्टूबर से अपनी मांगों को लेकर हडताल पर हैं। यह जानाकरी ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान सुनील कुमार ने दी।
उन्होंने बताया कि गुरूवार को मुख्यमंत्री के आवास का घेराव किया गया। जहां पूरे हरियाणा प्रदेश से ग्रामीण सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। तावडू से लगभग 70 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि यह हडताल अब 3 नवंबर तक बढा दी गई है। वहीं यदि सरकार द्वारा उनकी मांगे नहीं मानी गई तो यह हडताल 3 नवंबर को भी बढाई जा सकती है।

## नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने से पिछड़ रही गेहूं की फसल

# मालब, आकेड़ा,गोहाना सहित सैकड़ों गांवों के किसान परेशान



### मेवात के किसानों ने की मुख्यमंत्री से नहरों में पानी छोड़ने की मांग



**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । मेवात जिले के किसानों को इस समय नहरों में पानी न मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के सैकड़ों गांव अपनी फसल को बिजने के लिए नहरों पर आश्रित रहते हैं,लेकिन पिछले काफी समय से नहरों में पानी ना आने के कारण किसानों की फसल पछेत होती जा रही है। जिले के गांव मालब,आकेड़ा,गोहाना,बिरसिका,रानिका, दिहाना सहित सैकड़ों गांवों के किसानों के लिए कई दशकों से खेतों की सिंचाई के लिए नहरी पानी की किल्लत चली आ रही है। इस समय जिले की आकेड़ा ड्रेन, उजीना ड्रेन सहित अन्य नहरों में पानी न छोड़ें जाने से किसानों के सामने सिंचाई की विकट समस्या खड़ी हो गई है। आपको बता दें कि धान की फसल कटने के बाद अब किसान गेहूं की बुआई की तैयारियों में लगे हैं।
खेतों में नमी लाने के लिए पलेव करने की जरूरत होती है,लेकिन उसके लिए पानी नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों की गेहूं की फसल बोने से पिछडी जा रही है। इन गांवों के किसान सद्दाम, मुस्ताक,साहिद मालब ,साहून, वसीम मूवीन,शौकत आदि का कहना है कि धानों की फसल को काटे काफी समय हो गया है,लेकिन गेहूं की फसल के बिजने को लेकर उन्होंने अपनी जमीन को तैयार किया हुआ है। लेकिन नहरो में पानी न आने के चलते गेहूं की फसल बिजने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। किसानों का कहना है डीजल काफी महंगा है और बिजली कटौती हद से ज्यादा है, ऐसे में यदि बोरिंग से पलेव करने की सोचें तो लागत खर्च का भार बहुत बे जाएगा। किसानों का कहना है कि इस समय बरसात होने की उम्मीद भी कम ही दिखाई दे रही है। ऐसे में नहरों के भरोसे ही पलेव हो सकता है। लेकिन विभागीय अधिकारी किसानों की समस्या पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि समय से रबि की फसलों की बुआई हो सके इसके लिए नहरों में पानी छोड़ा जाना अत्यंत जरुरी हो गया है। ताकि समय से पलेव कर गेहूं की फसल की बुआई की जा सके।

### क्या कहते हैं मेवात के जिला प्रमुख जान मोहम्मद



जब इस बारे में भाजपा नेता व मेवात के जिला प्रमुख जान मोहम्मद से बात की तो उन्होंने कहा कि मेवात की सभी नहरों में पानी छोड़ने के लिए उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की है। जल्द ही मेवात की सभी नहरों में किसानों को उनके खेतों के लिए पानी मिलेगा। जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि किसानों की समस्या जायज है और इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो।

## आह्वान

## डीसी बोले, नैनो तरल यूरिया के प्रयोग से फसल की गुणवत्ता भी बढ़ाएं किसान

# फसलों में यूरिया की जगह नैनो तरल यूरिया का करें इस्तेमाल

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



**यूरिया के मुकाबले सस्ती है नैनो तरल यूरिया**




नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी फसलों में दानेदार यूरिया की जगह नैनो तरल यूरिया का प्रयोग कर सकते हैं व फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं। नैनो तरल यूरिया आधा लीटर की शीशी में खाद की एक बोरी यूरिया से कहीं ज्यादा असरदार है। विशेषज्ञों के मुताबिक नैनो तरल यूरिया से न सिर्फ उत्पादन बढ़ता है बल्कि फसल की गुणवत्ता भी अच्छी होती है। नैनो तरल यूरिया, दानेदार यूरिया से सस्ती भी है।
उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि नैनो तरल यूरिया उपज की गुणवत्ता बढ़ाने का एक साधन है। साथ ही इससे खेती की लागत में भी कमी आती है। फसलों में नाइट्रोजन की कमी को पूरा करने के लिए किसान यूरिया का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन अभी तक यूरिया सफेद दानों के रूप में उपलब्ध थी, जिसका इस्तेमाल करने पर आधे से भी कम हिस्सा पौधों को मिलता था बाकी जमीन और हवा में चला जाता था।
उन्होंने बताया कि भारत नैनो तरल यूरिया को लांच करने वाला पहला देश है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-आपरेटिव लिमिटेड इफको ने इसे लॉन्च किया था। इफको के मुताबिक धान, आलू, गन्ना, गेहूं और सब्जियों समेत सभी फसलों में इसके बेहद अच्छे परिणाम मिले हैं। विशेषज्ञों के अनुसार नैनो तरल यूरिया के कई फायदे हैं। सबसे बड़ा फायदा है कि धान, गेहूं, तिलहन और सब्जियां जो भी उगाई जाती हैं, उनकी क्वालिटी बढ़ती है। आधा लीटर यूरिया की शीशी पूरे एक एकड़ खेत के लिए काफी है। साथ में इसका प्रयोग करने से पर्यावरण, जल और मिट्टी में जो प्रदूषण हो रहा है वो नहीं होगा। नैनो तरल यूरिया का उपयोग हम फसल की पत्तियों पर छिडे ाव के माध्यम से करते हैं। छिडे ाव के लिए एक लीटर पानी में 2 से 4 मिलीलीटर नैनो यूरिया मिलाना होता है। यानि जो 15 लीटर की टंकी होती है फसल की जरुरत के अनुसार 30 से 60 मिलीलीटर मिलाना होता है।
उपायुक्त ने बताया कि एक फसल में दो बार नैनो यूरिया का छिडे ाव करना चाहिए। वैज्ञानिकों के मुताबिक नैनो तरल यूरिया के कणों का साइज इतना कम है कि ये पत्ती से सीधे पौधे में प्रवेश कर जाता है। वैज्ञानिक बताते हैं जब हम पत्तियों पर इसका छिडे ाव करते हैं तो सारा का सारा नाइट्रोजन पत्तियों को स्टोमेटा और फ्लोएम है उससे इसकी साइज बहुत छोटी रहती है तो जिससे सीधे ये पत्तियों में प्रवेश हो जाता है। और पौधे की जरुरत के अनुसार नाइट्रोजन को रिलीज करता है।
जबकि दानेदार यूरिया का नाइट्रोजन सिर्फ एक हफ्ते तक काम में आता है। उन्होंने फसल उपज को बढ़ाने के साथ साथ पर्यावरण व कृषि भूमि के मृदा स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए किसानों से नैनो यूरिया का इस्तेमाल करने का आह्वान किया।

# चोरों ने कंपनी से 1500 किलो सामान उड़ाया, मामला दर्ज

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**



तावडू । उपमंडल के गांव धुलावट में स्थित एक कंपनी के मैनेजर ने पुलिस को कंपनी से 15 सौ किलोग्राम सामान चुराने का आरोप नामजद 2 लोगों पर लगाया है। पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर नामजद 2 व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
गांव धुलावट में स्थित एटलस कंस्ट्रशन प्राईवेट लिमेटेड के मैनेजर सुरेश कपूर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 24 अक्अूबर को वह डयूटी पर आया तो उसके सिक्योरिटी गार्ड गजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि दिनांक 23-24 अक्टूबर की रात वह डयूटी पर तैनात था। रात समय करीब 2 बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति प्लांट से सामान चोरी कर रहे थे। जब उसने चोरों को रोकने की कोशिश की तो उसने एक व्यक्ति को भागते हुए देखा। एक व्यक्ति प्लांट के बाहर खड़ी बाइक को ले जाने लगा तो महराब पार्किंग वाला गार्ड भी मौके पर आ गया। जिसने उसकी विडियो बना ली।
नाम पता पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम गांव धुलावट निवासी इमरान व भागने वाले व्यक्ति का नाम गांव धुलावट निवासी सैकुल बताया। वह उसे धमकाकर गया कि यदि कोई कानूनी कार्रवाई की तो जान से खत्म कर देंगे। इमरान व सैकुल ने प्लांट से पोस्ट 43 नोज, स्पेसर 140 नोज जिनका कुल वजन 1522 किलोग्राम है को चोरी करके ले गए। पुलिस ने सुरेश कपूर की शिकायत पर उक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर फटाफट

### नौ सेना में तैनात सिपाही का राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार



**कनीना।** गांव छितरौली निवासी भारतीय नौसेना में सिपाही के पद पर कार्यरत प्रवीन कुमार का बीमारी के चलते निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गांव में सैनिक सम्मान के साथ किया गया। दिल्ली से आई टुकड़ी द्वारा शस्त्र सलामी दी गई। हलका विधायक सीताराम यादव, एसडीएम सुरेंद्र सिंह सहित अनेक लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सरपंच बलवान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवीन कुमार ने वर्ष 2016 में भारतीय नौसेना में सिपाही के पद पर ज्वाइन किया था। पिछ्ले कुछ समय से प्रवीन बीमार चल रहा था। जिसकी किडनी खराब होने की वजह से करीब एक सप्ताह पहले उसकी माता बाला देवी ने अपनी किडनी दी थी। लेकिन उसके बाद भी प्रवीण कुमार को नहीं बचाया जा सका। अब उनकी माता की तबियत भी खराब चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रवीन अपने पीछे माता, पिता, पत्नी व एक तीन वर्ष की पुत्री कृतिका को छोड़ गया है। प्रवीण की मौत के बाद से परिवार व गांव में शौक का माहौल है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में तृतीय सोपान गाइड कायक्रम आयोजित

**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में 22 से 26 अक्टूबर तक आयोजित तृतीय सोपान गाइड कैम्प का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस शिविर में जवाहर नवोदय विद्यालय सोनीपत, महेन्द्रगढ़, भिवानी, हिसार, झज्जर, जींद, रेवाड़ी, चुरू व झुन्झुनूं के प्रत्येक विद्यालय से 8 एवं कुल 72 गाइड ने भाग लिया।विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत गाइड ने प्रशिक्षक, गाइड के नियम, प्रार्थना, स्काउट गाइड झंडा गीत, झंडा लगाना व फहराना, गाइड गणवेश, विभिन्न प्रकार की गाठें बनाना, प्राथमिक चिकित्सा, दिशाओं का ज्ञान, राष्ट्रीय ध्वज, स्काउट गाइड ध्वज, वर्ल्ड गाइड फ्लैग के विषय के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा स्काउट व गाइड के इतिहास के बारे में जाना।

### खालडा मंदिर में जेब से पर्स चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** खालड़ा बालाजी मंदिर में जेब से पर्स चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान पूनम उर्फ पुन्ना वासी गोकल नगर भरतपुर राजस्थान के रूप में हुई। पूछताछ में पुलिस ने आरोपी से सत्रह सौ साठ रुपए की नकदी बरामद की है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता मन्जीत कुमार वासी आकोदा ने थाना शहर नारनौल में पर्स चोरी की शिकायत दर्ज कराई। जिसमे उसने बताया कि 24 अक्टूबर को वह खालडा बाला जी मन्दिर मे आया था। मन्दिर मे उसकी जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स मे आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो एटीएम कार्ड और नकदी थी। उसने बताया कि मेले मे ही सतबीर वासी मोहल्ला पीरागा नारनौल की जेब से भी रूपये चोरी हुए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पर्स चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ में उससे नकदी बरामद की गई।

### भ्रमण कर रहे व्यक्ति को मोटरसाइकिल चालक ने मारी टक्कर, मौत

**मंडी अटेली।** नांगल मोड़ के पास भ्रमण के लिए निकला व्यक्ति को मोटरसाइकल चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। गांव नागल जिला महेन्द्रगढ का रहने वाले रोहिताश ने बताया कि गांव नांगल मोड कांटी खेड़ी रोड पर हमारा खुद का मकान है। वीरवार सुबह करीब 5 बजे मै व मेरा पिता शिवदयाल अपने घर से घूमने के लिए निकले थे। जब हम अटेली फ्लाईओवर से अपने घर नांगल कि तरफ आने लग रहे थे मेर पिताजी मेरे से कुछ दूर आगे चल रहे थे तो पैट्रोल पंप के पास पहुंचे तो एक मोटरसाइकिल चालक अपनी मोटरसाइकिल को तेज गती व गफलत लापरवाही से चलाता हूआ आया व सीधे मेरे पिता को टक्कर मार दी। मेरे पिता करीब 10 फुट दुर जाकर गिरे। मैंने मोटरसाइकिल चालक से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम महेश पुत्र राजबीर सिंह वासी सैदपुर बताया। मेरे पिता को अटेली मण्डी अस्पताल ले गए तो चिकित्सकों ने मेरे पिता को मृत घोषित कर दिया। मेरे पिता शिवदयाल कि मृत्यु एक्सीडेन्ट में लगी चोटों के कारण हुई है।

---

हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की 55वीं बैठक में लगी मुहर

# महेंद्रगढ़ को 26 करोड़ की पांच परियोजनाओं की सौगात

**नारनौल-महेंद्रगढ़ ब्रांच से पाइप लाइन डालकर कृष्णावती नदी में डाला जाएगा पानी**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र




नारनौल। जिला महेंद्रगढ़ के जलस्तर में तेजी से सुधार हो रहा है। इस कार्य में और गति देने के लिए आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई 55वीं हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में जिला के लिए लगभग 26 करोड़ की पांच नई परियोजनाओं को मंजूरी मिली। इस बैठक की अध्यक्षता वित्त सचिव टीवीएस एन प्रसाद ने की। इस दौरान सिंचाई विभाग के सलाहकार देवेंद्र सिंह भी मौजूद थे। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने पिछ्ली बार स्वीकृत किए गए कार्यों के बारे में प्रगति रिपोर्ट दी। इस समीक्षा बैठक के बाद एडीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए पानी रिचार्ज के लिए 22 करोड़ की लागत से एक नए प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है। इसके तहत बारिश के सीजन में अतिरिक्त पानी को नारनौल-महेंद्रगढ़ ब्रांच के पंप हाउस नंबर 3-4 के बीच से 1800 एमएम की पाइप लाइन डालकर कृष्णावती नदी में डाला जाएगा। यह पानी अटेली हलके के गांव गढ़ी महासर, नांगल जमालपुर, खैरानी, गोमला व राता के आसपास के कई गांवों में जाएगा। इससे क्षेत्र में जल स्तर में बहुत सुधार होगा।

उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट एक एक्सेप चैनल की तरह भी काम करेगा। अगर पंप हाउस पर बिजली का लंबा कट लगता है तो इस चैनल के माध्यम से पानी नदी के बैड में एस्केप कर दिया जाएगा, जिससे नहर सुरक्षित रहेगी और पीछे से पानी को बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस बैठक में एसई राजेश खत्री, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ आशीष मान, एक्सईएन नितिन भार्गव, एक्सईएन अजेंद्रा सुहाग, एक्सईएन आशुतोष यादव, एक्सईएन प्रमोद शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**योजनाबद्ध तरीके से सूखा और बाढ़ग्रस्त इलाकों के लिए बन रही योजना: वैशाली सिंह**

एडीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि राज्य में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से सूखा और बाढ़ग्रस्त इलाकों में खेती की जमीन व रिहायशी इलाकों को बचाया जाए। जिला महेंद्रगढ़ में बारिश के सीजन में 70 फीसदी नहरी पानी का उपयोग वाटर रिचार्ज पर किया जा रहा है। इन प्रयासों से इस क्षेत्र के जल स्तर में बहुत सकारात्मक बदलाव आया है।

---

# एसपी ने मीटिंग में लंबित मामलों को निपटाने के दिए निर्देश

**मीटिंग में एसपी ने थानों में एक साल या उससे अधिक पुराने मामलों को खंगाला**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। वीरवार को एसपी नितिश अग्रवाल ने लंबित मामलों को लेकर एएसपी, डीएसपी थाना प्रबंधकों के साथ मीटिंग की। इस दौरान एएसपी प्रबिना पि, डीएसपी जितेंद्र कुमार, डीएसपी रणबीर, डीएसपी मोहिंद्र सिंह, डीएसपी मोहम्मद जमाल समेत थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसपी ने सभी थानों में लंबित पड़े मामलों के बारे में जाना और जल्द से जल्द मामलों को निपटाना का आदेश दिया। इसके लिए सभी को एक टारगेट भी दिया गया। एसपी ने थानों में एक साल या उससे अधिक पुराने मामलों को खंगाला। बैठक के दौरान प्रत्येक मामले पर गहन चर्चा की गई और गुण-दोष के आधार पर इन मामलों की लंबितता को कम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जांच अधिकारियों ने जांच के दौरान सामने आ रहे विभिन्न कानूनी मुद्दों को रखा, जिस पर इन मामलों के त्वरित निपटान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए और उनमें उचित कार्रवाई करते हुए जल्द निपटान के निर्देश दिए। एसपी ने थाना प्रबंधकों को थाने के मामलों में जब्त केस प्रॉपर्टी को डिस्पोज करने के निर्देश दिए। थानों में पेंडिंग मदों का जल्द निष्पादन करने के निर्देश दिए। एसपी ने लंबित मामलों को लेकर अनुसंधाकर्ताओं व थाना प्रबंधकों को डांटड़्फटकार लगाई और लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम न करने वाले के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इस दौरान एसपी ने थाना/चौकियों के रखड़्रखाव को लेकर भी आवश्यक दिशाड़्निर्देश दिए। इसके अलावा सभी पर्यवेक्षी अधिकारियों को आरोपितों की दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए सभी पहलुओं को शामिल करते हुए गुणवत्ता जांच करने का निर्देश दिया गया।

---

# कोरियावास मेडिकल कॉलेज इलाके के लिए बेहतरीन तोहफा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने 10 दिसंबर 2023 को दौंगड़ा अहीर में प्रस्तावित जनविश्वास रैली के लिए आज 18 गांवों का दौरा करके लोगों को रैली का निमंत्रण दिया। डा. यादव ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कोरियावास, हसनपुर, रामबास, दनचौली, धानोता, बसीरपुर, कारौली, घाटाशेर, मारोली, पवेरा, निजामपुर, छिलरो, नापला, आजमाबाद मौखुता, बामनवास, छापड़ा की ढाणी व नारहेड़ी गांवों का दौरा किया।

ग्रामीणों ने डा. अभय सिंह यादव का फूल मालाओं, पगड़ी पहनाकर व केलों से तोलकर जोरदार स्वागत किया। डा. यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज इस क्षेत्र के लिए सरकार ने एक बड़ा तोहफा दिया है। 2024 में कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को मिलने की संभावना है। जिससे मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली, जयपुर, रोहतक नहीं जाना पड़ेगा। आने वाले समय में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का प्रभाव लोगों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नहरी पानी को अंतिम टेल तक पहुंचाने के कारण तथा नदियों में जोहड़ों को रिचार्ज करने से लोगों की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। जहां दो-दो फव्वारे चलते थे आज उन गांवों में 18 से 20 फव्वारे चल रहे हैं। जिससे गांव के लोगों की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। डा. यादव ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों के संदर्भ में लोगों का जनविश्वास दिखाने के लिए आगामी 10 दिसंबर को दौंगड़ा अहीर के स्टेडियम में एक रैली का आयोजन किया जाएगा।



गांव आजमाबाद मौखूता में जनविश्वास रैली के लिए न्योता देते नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव।

इसमें भाजपा के हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सांसद विप्लव देव मुख्य वक्ता होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांव से महिलाओं व पुरुषों के साथ इस रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। इस अवसर पर उनके साथ नारनौल पंचायत समिति के अध्यक्ष पंकज यादव, निजामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद यादव, नांगल चौधरी पंचायत समिति के अध्यक्ष कर्मपाल यादव के साथ अनेक गांवों के पूर्व व वर्तमान सरपंच तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति की मौजूद थे।

---

चंडीगढ़ पुलिस में चयनित विद्यार्थियों को विधायक राव दान सिंह ने किया सम्मान

# हमें हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान होना चाहिए :राव दानसिंह

भरोसा मित्र, महेंद्रगढ़

स्थानीय जीनियस एकेडमी परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाल ही में चंडीगढ़ पुलिस में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय जीनियस एकेडमी के मार्ग दर्शन को दिया। इस अवसर पर सभी चयनित विद्यार्थियों के परिजन भी एकेडमी में उपस्थित रहे। ममता दुलोठ अहीर, मनीषा गागड़वास, चंद्रकांता खुड़ाना, गरीमा कौथल खुर्द मधु महेन्द्रगढ़, रेखा झूक, हीना बारड़ा, अनामिका मालड़ा, शिक्षा नांगल सिरोही, दीपक बेरी, नवीन भगड़ाना, दीपक बलायचा उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार सभी विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। इस अवसर पर एकेडमी में महेन्द्रगढ़ विधायक व पूर्व संसदीय सचिव राव दान सिंह मुख्य अतिथि रहे। मुख्यातिथि राव दान सिंह ने सभी विद्यार्थियों व एकेडमी स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्षता एकेडमी निदेशक अमित यादव ने की। उन्होंने सभी चयनित चंडीगढ़ पुलिस कांस्टेबलस को शुभकामनाएं दी और उन्हें हमेशा अपना कार्य पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सभी विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम का ही फल है। हमें हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। और निरंतर अभ्यास करने रहना चाहिए और कभी भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए ओर दोबारा से दोगुने प्रयास से परिश्रम करना चाहिए तो हमें सफलता हासिल करने से कोई रोक नहीं सकता। इस अवसर पर एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों व उनके परिजनों को बधाई दी व उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। हमे कभी भी यह परवाह नहीं करनी चाहिए कि हमारे बारे में लोग क्या सोचते और क्या कहते हैं। बस हमें उसका जवाब अपनी मेहनत व लगन से सफलता प्राप्त करके देना चाहिए और जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। इस अवसर पर सुनील कुमार, दिलेर सिंह, देवेन्द्र, नरेन्द्र, योगेश, प्रवीन, ललित, अजय, हेमन्त, सुरेन्द्र, सुमन, अंकिता व सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।



चयनित छात्रा को सम्मानित करते महेंद्रगढ़ से कांग्रेस के विधायक राव दान सिंह।

---

# भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंतिम टेल तक पानी पहुंचाकर जलस्तर में किया सुधार : धर्मबीर सिंह

**सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आठ गांवों में किया जन संवाद**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। पहले नहरों में बारिश के समय में ही पानी आता था परंतु वर्तमान सरकार ने प्रदेश के अंतिम टेल तक पानी पहुंचाया हैं। इसी नीति का परिणाम है कि आज दक्षिणी हरियाणा में जलस्तर में सुधार हो रहा है। यह बात भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज गांव खातौली अहीर व जाट, दौंगली, कमानियां, छापड़ा, धौलेड़ा, नांगल दुर्गू, गांवड़ी जाट में जनसंवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनी व मौके पर ही अधिकतर समस्याओं का निपटारा किया।



उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने पीने के पानी के लिए 2024 तक हर घर में स्वच्छ पानी के लिए 70 लीटर तक पानी दिया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें अधिकतर गांवों व शहरों में इस कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अब देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनवा रही है। अब हर व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाएं उसी के जिले में प्रदान की जा सकेंगी। आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश सरकार ने 3 लाख रुपए से कम सालाना आय वाले परिवारों को भी 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करवाने की सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा को इस सरकार ने कई राष्ट्रीय व राज्य राजमार्ग की सौगात देकर जिले की तस्वीर बदली है। इसके अलावा अन्य ढांचागत सुविधाओं में भी बहुत बढ़ोतरी हुई है।

इस अवसर पर बीडीपीओ प्रमोद कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, जिला महामंत्री रमेश तंवर, पब्लिक हेल्थ से अभिषेक तंवर, जिला कल्याण विभाग से सुरेश राजपूत व जिला समाज कल्याण विभाग से हनुमान के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व सतबीर गहली, महेश घाटासेर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

# सड़कों के नेटवर्क को मजबूत कर रही सरकार : ओम प्रकाश यादव

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। केंद्र व हरियाणा सरकार लगातार सडे ों के नेटवर्क को मजबूत कर रही है। सडे ें किसी भी राज्य के विकास को गति देने का काम करती हैं। लोगों की मांग पर निर्माणाधीन एनएच 148 बी के साथ नाला बनाने के लिए कार्यवाही की जाएगी। यह बात प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव वीरवार को गांव मांदी के रास्ते में सीआई मोड़ के पास ग्रामीणों से कहीं। ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर मंत्री से मिले थे। ग्रामीणों ने मंत्री ओम प्रकाश यादव को बताया कि पहले यहां पर नाल था। जिससे पानी की निकासी हो जाती थी। अब एनएच 148 बी के साथ निर्माणाधीन रोड पर नाला बनाया जाए, ताकि पानी का भराव ना हो। मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए कि वह शहर के साथ लगते एनएच 148 बी जिससे शहर को रास्ता जाता है, वहां पर नाले का निर्माण करवाया जाए। मंत्री का काफिला काफी देर रूका रहा तथा मौके पर मौजूद ग्रामीणों से सलाह मशविरा करते रहे। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह ग्रामीणों की जायज मांग है। इस पर तुरंत आगे की कार्यवाही की जाए ताकि नागरिकों को किसी तरह की परेशानी ना हो। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने जिला महेंद्रगढ़ में राजमार्गों का निर्माण करवाकर जिला के नागरिकों को बहुत बड़ी सौगात दी है। पहले चंडीगढ़ जाने में पूरा दिन लगता था। अब 152-डी बनने के बाद कुछ ही घंटों में पहुंच सकते हैं। इसी तरह निर्माणाधीन एन एच 148 बी का निर्माण होने के बाद जिला की कनैक्टिविटी कई जिलों के साथ और अधिक बेहतर हो जाएगी।

**निर्माणाधीन एनएच 148 बी के साथ नाला बनाने की ग्रामीणों की मांग पर मंत्री ने दिया आश्वासन**

---

# 30 नवंबर तक खजाना व उप-खजाना कार्यालय में जमा करवाएं जीवन प्रमाण पत्र

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। खजाना कार्यालय व उप-खजाना कार्यालय से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनधारकों को नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने के लिए हर साल नवंबर माह में अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना आवश्यक होता है। इसलिए सभी पेंशन धारक तिथि अनुसार 30 नवंबर तक अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाएं। जिला खजाना अधिकारी विपिन यादव ने बताया कि पेंशन धारक इस बार तीन तरह से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। पहला खजाना कार्यालय या उप-खजाना कार्यालय में सबंधित दस्तावेज मूल पीपीओ, आधार कार्ड, पेन कार्ड की प्रति के साथ-साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर सहित उपस्थित होकर तथा दूसरे तरीके में पेंशनधारक सीएससी केंद्र या स्वयं ऑनलाइन जीवन प्रमान पोर्टल के माध्यम से अपने बायोमेट्रिक या चेहरे की पहचान करवा कर जीवन प्रमाण पत्र दे सकते हैं। तीसरे तरीके से जो पेंशनधारक बीमार व ज्यादा उम्र होने के कारण कहीं आने-जाने में असमर्थ हैं वो अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधि के माध्यम से घर बैठे भी दे सकते हैं इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क की दरें लागू रहेंगी। उन्होंने बताया कि जो पेंशनधारक घर बैठे पहली बार ऑनलाइन माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र देना चाहते हैं वो पहले स्वयं या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से खजाना उप-खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर पेंशन पोर्टल पर अपना आधार अपडेट करवाएं ताकि उनको किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पारिवारिक पेंशनधारको को अवगत करवाया जाता है कि उनको ऑनलाइन माध्यम के साथ-साथ पुनर्विवाह, पुन- रोजगार न होने के प्रमाण पत्र भी खजाना व उप खजाना कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करवाना पड़ेगा। आश्रित पेंशनधारकों को अपने जीवन प्रमाण-पत्र, विवाह तथा रोजगार न होने का प्रमाण पत्र एवं उसके साथ नवीनतम आय प्रमाण पत्र भी जमा करवाना जरूरी है।

**जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने का यह रहेगा शेड्यूल**

जिला खजाना अधिकारी ने बताया कि 2 से 8 नवंबर तक 80 वर्ष से ज्यादा आयु वाले पेंशनधारक, 9 से 16 तक 70 से 80 वर्ष आयु वाले पेंशनधारक, 17 से 22 तक 65 से 70 वर्ष आयु वाले पेंशनधारक 23 से 30 नवंबर तक बाकी बचे हुए पेंशनधारक अपना जीवन प्रमाण पत्र खजाना व उप-खजाना कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने सभी पेंशनधारकों से अनुरोध किया है कि पेंशन धारक को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए पेंशन धारक अपने उम्र समूह की तिथि व राजपत्रित अवकाश को ध्यान में रखते हुए अपना जीवन प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करवाने के लिए आएं।

---

कार्यक्रम

ढाणी बाठोठा में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन

# बागवानी विभाग विभिन्न स्कीमों को लाभार्थियों तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए भरसक प्रयासरत : एडीसी

**बागवानी स्कीमों का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। बागवानी विभाग की ओर से किसानों को बागवानी स्कीमों के बारे में जानकारी देने के लिए आज गांव ढाणी बाठोठा में जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस) ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सेमिनार में लगभग 250 प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। एडीसी ने कहा कि बागवानी विभाग विभिन्न स्कीमों को लाभार्थियों तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए भरसक प्रयासरत है। किसानों को अधिक से अधिक बागवानी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग की स्कीमों का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके बाद विभाग से सम्पर्क कर विभिन्न स्कीमों का लाभ लेकर किसान अपनी आय को बढ़ा सकता है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक बागवानी से जुडने़ का आह्वान किया। इस दौरान एडीसी ने विभिन्न किसानों के खेत पर जाकर निरीक्षण किया व किसानों से सब्जियों पर आने वाले खर्च व मुनाफे के बारे में विस्तृत जानकारी ली व किसानों से बागवानी तकनीक अपनाने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी डॉ प्रेम कुमार ने विभाग की ओर से चलाई जा रही स्कीमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला महेन्द्रगढ़ की जलवायु के अनुसार यहां पर सब्जी, मसाले की खेती व उनका बीज उत्पादन आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए बागवानी विभाग 15 हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दे रहा है। इस स्कीम में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लाभांवित किया जाता है। उन्होंने बताया कि स्कीमों का लाभ लेने के लिए सर्वप्रथम मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं। इसके बाद किसान बागवानी विभाग के पोर्टल एचओआरटी एनईटी डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण करवा कर मद का चुनाव कर के जरूरी दस्तावेज अपलोड करने के बाद ही स्कीम का लाभ लेने का योग्य होगा। उन्होंने बताया कि एक किसान अधिकतम सब्जी उत्पादन 2 हेक्टयर व सब्जी बीज उत्पादन 5 हेक्टयर एवं मसाले उत्पादन में 4 हेक्टयर का लाभ ले सकता है। सब्जी उत्पादन के लिए साथ में समनवित मद जैसे बैम्बूस्टेकिंग, मल्चिंग, टनल या मिनी, ड्रीप सिस्टम के साथ सब्जी लगाना अनिवार्य है।

## खबर फटाफट

### उपमंडल कोसली में 31 को होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**रेवाड़ी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को जिला रेवाड़ी मुख्यालय सहित कोसली उपमण्डल पर भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। यह जानकारी एसडीएम कोसली जयप्रकाश ने गुरूवार को अधिकारियों के साथ रन फॉर यूनिटी से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। राष्ट्रीय भावना के साथ रेवाड़ी जिला के साथ-साथ कोसली उपमंडल के नागरिक भी मिलकर दौड़ लगाते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। एसडीएम जयप्रकाश ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में उपमंडल कोसली के लोगों की भी प्रभावी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी लगभग 3 किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। दौड़ का समय सुबह लगभग 7 बजे रहेगा तथा प्रतिभागियों को सुबह 6-30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जाएगा। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी, नेहरू युवा केंद्र के युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं तथा आम नागरिक समाज में एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह दौड़ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगी जिसमें प्रतिभागी अपने हाथ में तिरंगा लिए दौड़ लगाएंगे। बैठक उपरांत एसडीएम ने रन फॉर यूनिटी रूट का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### आइडियाथॉन हरियाणा के लिए 5 नवंबर तक होंगे पंजीकरण

**रेवाड़ी।** हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) द्वारा आयोजित किए जा रहे आइडियाथॉन हरियाणा के लिए 5 नवंबर 2023 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा सकेंगे। विभाग द्वारा आइडियाथॉन हरियाणा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए 20 अक्टूबर से आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो चुका है और यह 5 नवंबर 2023 तक खुला रहेगा। इसमें आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में पढ़ने वाले तथा डिप्लोमा पास कर चुके युवा हिस्सा ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता हरियाणा के सभी 22 जिलों के आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों के युवाओं के लिए शुरू की गई है। प्रतिभागी अपने जिले के अनुसार जोन का चयन कर सकता है। जोनों में से प्रत्येक में तीन विजेताओं सहित कुल 21 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण में प्रत्येक जोन के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार के रूप में क्रमशः 31,000 रुपए, 21,000 रुपए और 11,000 रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आइडियाथॉन हरियाणा में पंजीकरण बारे विस्तृत जानकारी उक्त पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

### यादव सभा का स्वास्थ्य जांच शिविर व बैठक 29 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा द्वारा गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन मे 29 अक्टूबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सुबह नौ बजे किया जाएगा। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर मे डॉक्टर रवि राव, डॉक्टर अनिल यादव, डॉक्टर सुनील यादव, सर्वेश यादव, डॉक्टर योगेन्द्र यादव व डॉक्टर अजीत यादव बाल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर उपरांत 11 बजे यादव कल्याण सभा की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता मे व मुख्य संरक्षक महंत लाल दास महाराज के सानिध्य मे आयोजित की जाएगी। सभा के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर एल एस यादव ने बताया कि मीटिंग के ऐजेंडा अनुसार यादव सभा में अनेक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### अनुसूचित वर्ग के पात्र लाभार्थी ऋण योजनाओं का उठाएं लाभ

**रेवाड़ी।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को एक लाख से 1.50 लाख रूपए तक का लाभ दिया जा रहा है। निगम का मुख्य उद्देश्य हरियाणा के अनुसूचित जाति के सदस्यों को स्वयं रोजगार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस दिशा में वभिन्न बैंकों, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से तीन तरह के लाभ प्रदान किए जाते हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि एक लाख अस्सी हजार रूपये तक की आय वाले अनुसूचित जाति के सदस्य, जो प्रार्थी हरियाणा का स्थाई निवासी हो।

### सहकारिता मंत्री ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, सुनी समस्याएं व शिकायतें

# प्रदेश सरकार के नौ वर्ष प्रदेश की जनता के लिए रहे खुशहाल और बेमिसाल: डा. बनवारी

### मंत्री ने जयसिंहपुर खेड़ा गांव में बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन भी किया

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने संकल्प से सफलता के 9 वर्ष पूरे करते हुए अंत्योदय की भावना से हर वर्ग का भला किया है। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष प्रदेश की जनता के लिए खुशहाल और बेमिसाल रहे हैं। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल गुरूवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव टांकड़ी, जयसिंहपुर खेड़ा व ओढ़ी में ग्रामीणों से 'जनसंवाद' कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर जयसिंहपुर खेड़ा गांव में बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार और उसके पहले की सरकारों के नजरिये में अंतर बताते हुए कहा कि पहले समस्याओं के लिए समाधान व योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन मनोहर सरकार के राज में आमजन को विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से घर बैठे मिल रहा है। इस अवसर पर सरपंच जयसिंहपुर खेड़ा मुकेश कुमार, सरपंच टांकड़ी मनीषा धर्मेंद्र, सरपंच ओढ़ी राधा देवी, मुकेश कुमार, दलेल चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष बावल अमरजीत सिंह, कप्तान सिंह ओढ़ी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सहकारिता मंत्री डा. बनवारीलाल।

### नौ साल पहले बावल था दुर्दशा का शिकार, आज तस्वीर उलट है

डा. बनवारी लाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में बावल विधानसभा क्षेत्र पिछड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता था। आज से 9 वर्ष पहले बावल दुर्दशा का शिकार था। आज के समय में बावल की तस्वीर 9 वर्ष पहले की तस्वीर से बिल्कुल उलट है। बावल विधानसभा क्षेत्र में चंहुमुखी विकास हुआ है। पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए गांवों को नहरों से जोड़ा गया है। सब स्टेशन बनाकर बिजली क्षेत्र में भी सुधार किया है। कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 150 बेड का ईएसआई हॉस्पिटल खोला गया है। मिनी सचिवालय, आरओबी, महिला कॉलेज बनाकर बावल का विकास कराया गया है। उन्होंने कहा कि एम्स, वीटा प्लांट व हेफेड ऑयल मिल स्थापित करना सरकार की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने टांकड़ी व जयसिंहपुर खेड़ा गांव में विकास कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही गांव ओढ़ी में फिजिबिलिट होन पर सामुदायिक भवन बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आज सीवरेज जेटिंग कम सक्शन मशीन को हरी झंडी भी दिखाई और कहा कि प्रदेश में 11 सीवरेज जेटिंग कम सक्शन मशीन की खरीद की जाएगी।

### सरकार ने प्रदेश में खत्म किया भ्रष्टाचार और पर्ची-खर्ची सिस्टम

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है। प्रदेश सरकार ने योग्य युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत रेवाड़ी जिला सहित प्रदेशभर के अन्य जिलों के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। अब नौकरी पाने के लिए किसी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को अच्छी अच्छी दिलाओ, ताकि वह अपनी योग्यता से बलबूते स्वयं ही नौकरी प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। अब परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से लोगों को राशन कार्ड, बुढ़ापा पैंशन, चिरायु कार्ड सहित अनेक योजनाओं का लाभ स्वतः ही सीधे तौर पर मिल रहा है। सरकार ने सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर बिचौलियों का धंधा बंद कर दिया है।

## सीबीएसई की नॉर्थ जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रेवाड़ी की खुशी ने जीता स्वर्ण



**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी।सीबीएसई की ओर से जालंधर में आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्थानीय राव तुलाराम स्टेडियम में प्रशिक्षण हासिल करने वाली खिलाड़ी खुशी पुत्री मनोज कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिजनों व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला खेल अधिकारी मदनपाल ने खिलाड़ी खुशी को पदक पहनाकर सम्मानित किया। जिला खेल अधिकारी मदनपाल ने बताया कि सीबीएसई की ओर से गत 21 से 23 अक्तूबर तक जालंधन में नोर्थ जोन की बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें राव तुलाराम स्टेडियम की खिलाड़ी खुशी पुत्री मनोज कुमार ने भी भाग लिया था। उन्होंने बताया कि अपने भार वर्ग में खुशी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। जिससे जिले के खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है। उन्होंने अपने कार्यालय में खिलाड़ी खुशी को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर खिलाड़ी की प्रशिक्षिका रेणु भी मौजूद रहीं।

### ऑटो सवार बिजली निगम के पूर्व लाइनमैन का बैग ब्लेड से काटकर दो लाख रुपये चोरी

# भाग रही महिलाओं को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। ऑटो में सवार बिजली निगम के पूर्व लाइनमैन का बैग काटकर दो महिलाओं ने दो लाख रुपये चोरी कर लिए गए। चोरी का पता लगने पर बुजुर्ग ने शोर मचा दिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दो आरोपी महिलाओं को मौके पर ही धर दबोचा तथा पुलिस के हवाले कर दिया। दबोची गई महिलाओं की पहचान एमपी के जिला राजगढ़ के गांव कडि ासासी निवासी कल्पना बाई पत्नी जितेन्द्र व चांदनी पत्नी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से च्रोरी किए गए 2 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार जिले के गांव बधराना निवासी शमशेर सिंह बिजली निगम से लाइनमैन के पद से सेवानिवृत्त हैं। कुछ दिनों पूर्व उनकी भतीजी की शादी है। जिसके चलते वे सर्कुलर रोड़ स्थित एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा से दो लाख रुपये निकालने के बाद घर में जाने के लिए ऑटो में सवार हुए थे। बैंक से निकाली नकदी तथा पासबुक आदि एक बैग में रखी हुई थी। ऑटो में शमशेर सिंह के अलावा दो अन्य महिलाएं भी बैठी हुई थी। नारनौल चौक पहुंचने पर दोनों महिलाओं ने उनके बैग पर ब्लेड मारकर काट दिया तथा दो लाख रुपये निकाल लिए। इससे पहले की दोनों महिलाएं ऑटो से उतरकर फरार होती, शमशेर की नजर बैग पर पड़ गई। जिसमें से नकदी व बैंक पासबुक गायब मिली। इसी दौरान जैसे ही ऑटो रुका तो महिलाओं ने भागने का प्रयास किया। जिस पर शमशेर सिंह ने शोर मचा दिया। नाईवाली चौक पर भीड़ होने के कारण मौजूद लोगों ने दोनों महिलाओं को मौके पर ही दबोच लिया। इसकी सूचना तुरंत भाड़ावास गेट चौकी पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों महिलाओं के कब्जे से दो लाख रुपये व बास बुक बरामद कर ली। पुलिस ने शमशेर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान मध्यप्रदेश के जिला राजगढ़ निवासी कल्पना और चांदनी के रूप में हुई है।



### अवैध रूप से घर पर रखे पटाखों की खेप पकड़ी

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेन्द्र कुमार की टीम ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए राधेश्याम पुत्र रामकिशन निवासी मोहल्ला कानूका बावल वार्ड नंबर 10 थाना बावल के मकान से 2793 पैकेट अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद किए है। जांचकर्ता ने बताया गश्त के दौरान सूचना मिली कि राधेश्याम पुत्र रामकिशन निवासी मोहल्ला कानून बावल वार्ड नंबर 10 थाना बावल ने अपने मकान में काफी मात्रा में अवैध पटाखे बेचने के लिए भरे हुए है। जो ग्राहको को आज भी अवैध पटाखे चोरी छुपे बेच रहा है। सूचना के बाद तुरंत रैडिंग पार्टी तैयार कर पुलिस बताए हुए स्थान पर पहुंची। पुलिस को मौके पर देख आरोपी अंधेरा का फायदा उठाकर मकान के अन्दर से निकलकर भाग गया। पुलिस द्वारा आरोपी के मकान की तलाशी लेने पर कुल 2793 पैकेट अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद हुए। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में विस्फोटक अधिनियम व भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर अवैध पटाखों को बरामद कर लिया है।

### अवैध रूप से गंधक और पोटाश बेचते हुए दुकानदार दबोचा



रेवाड़ी। शहर थाना पुलिस ने अवैध रूप से गंधक और पोटाश बेचते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रेवाड़ी के मोहल्ला जैनपुरी निवासी विनोद कुमार जैन पुत्र बाबुलाल जैन के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि शहर के गुड़ बाजार रेवाड़ी में बाबु पंसारी की दुकान पर आतिशबाजी के रूप में प्रयोग होने वाला गंधक और पोटाश अवैध रूप से बेचा जा रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रैडिंग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी दुकानदार को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान विनोद कुमार जैन पुत्र बाबुलाल जैन निवासी मौहल्ला जैनपुरी के रूप में हुई। पुलिस द्वारा आरोपी की दुकान की तलाशी लि गई तो दुकान से 100 ग्राम पोटाश और 7 किलो 500 ग्राम गंधक बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी से गंधक और पोटाश बरामद करने के बाद उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोसली के गुर्जरवास स्थित व्यवसायिक टोल एक नवंबर से होगा समाप्त

### क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री व कोसली विधायक का जताया आभार

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



लक्ष्मण यादव, विधायक कोसली।

रेवाड़ी। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की ओर से विधानसभा में कई बार तथा अनेकों बार व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिलकर मांग उठाने के चलते गुरुवार को मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्युडी विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 22 पर गांव गुर्जरवास में सुबाना-कोसली नाहड़ कनीना मार्ग पर बने टोल को एक नंबर से समाप्त किए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद इस मार्ग पर पडने़ वाले दर्जनों गांवों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी काफी राहत मिलेगी। गुर्जरवास टोल को हटाए जाने पर कोसली क्षेत्र की जनता ने प्रदेश के मुख्यमत्री मनोहरलाल तथा कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का आभार जताया है। गौरतलब है कि कोसली विधायक की मांग पर सरकार ने गांव चौकी नंबर एक में स्थित टोल को भी हटा लिया था। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा पीडब्ल्युडी विभाग की ओर से कोसली विधानसभा क्षेत्र के चौकी नंबर एक तथा गांव गुर्जरवास में व्यवसायिक टोल लगा दिए गए थे। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष पनप गया था। इसके उपरांत कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा में दोनों टोलों को प्राथमिकता के आधार पर हटाए जाने की मांग विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री से व्यक्ति रूप से भी मिलकर मांग की थी। जिस पर सरकार की ओर से गत नौ मार्च को चौकी नंबर एक के टोल को तुरंत हटाने के आदेश सरकार की ओर से जारी कर दिए गए थे। साथ ही गुर्जरवास टोल की उचित समीक्षा कर जल्द ही इसे भी हटाए जाने का आश्वासन दिया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने गुरुवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर गुर्जरवास के सुबाना-कोसली नाहड़-कनीना मार्ग पर स्थित पीडब्ल्युडी विभाग के व्यवसायिक टोल को भी हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्वयं बताया कि जनहित में आगामी एक नंबर 2023 से गुर्जरवास टोल को हटा लिया जाएगा। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि कोसली क्षेत्र में सरकार की ओर से लगाए गए व्यवसायिक टोलों को हटाने को लेकर उन्होंने विधानसभा में जोरदार ढंग से मांग को उठाया था। जिसके चलते चौकी नंबर एक के टोल को उसी दौरान गत नौ मार्च को तथा गुर्जरवास स्थित कोसली-कनीना टोल को आज मुख्यमंत्री ने स्वयं समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसके लिए वे मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कोसली क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान कराना ही उनकी प्राथमिकता है।

### जिला स्तर पर विजेता रही युवा संसद टीम का खंड शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मान

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। जिले के गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जिला स्तर पर विजेता रही युवा संसद टीम को खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर ने विद्यालय पहुंचकर बधाई तथा युवा संसद के प्रतिभागियों को मंडल स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर युवा संसद के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्रीमती तंवर ने कहा कि विद्यार्थीकाल ही व्यक्तित्व निखार का स्वर्णिम काल होता हैए इसलिए हर विद्यार्थी को चहुंमुखी विकास के लिए सभी गतिविधियों में बढ़.चढे र भाग लेना चाहिए। प्राचार्य सत्यवीर नाहडि ा ने उनका परिचय सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के छात्र सांसदों से करवाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की सदन प्रक्रिया, मिड-डे-मील, कक्षा प्रबंधन, प्रयोगशाला, संसद भवन, चारों सदन की गैलरी वाल मैगजीन, पेयजल प्रबंधन, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वर्मी कल्चर यूनिट, हर्बल पार्क आदि का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उनके साथ प्राचार्या सुमित्रा यादव (कुंड), प्राचार्य ओपी यादव (मंदोला), सुभाष, सतीश कुमार, सुनील कुमार आदि भी उपस्थित रहे। प्राध्यापक प्रहलाद सिंह ने विद्यालय की ओर से सभी का आभार ज्ञापित किया।



### पेंटिंग व वॉलीबॉल प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा

#### पुलिस स्मृति दिवस व झंडा दिवस के तहत डीएवी पुलिस पब्लिक स्कल में हुआ आयोजन

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक मनाए जा रहे पुलिस स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस के तहत रेवाडी पुलिस द्वारा आज बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा पेंटिंग व वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा व प्राचार्य नरेंद्र दहिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अलग-अलग समूह बनाए गए थे। पहला समूह कक्षा दूसरी से पांचवीं तक, दूसरे समूह में कक्षा छठी से आठवीं तक और तीसरे ग्रुप में कक्षा नौंवी व दसवीं के विद्यार्थी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने पेंटिंग के जरिए शहीदों को श्रद्धांजलि दी और फ्लैग दिवस व पुलिस शहीद स्मृति दिवस की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विद्यार्थियों वालीबाल प्रतियोगिता में भी भाग लिया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा ने बच्चों से वीर जवानों के बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की हवा में सांस ले रहे है तथा दुश्मनों से देश की सीमाएं सुरक्षित है।

### पुलिस ने विद्यार्थियों व आमजन को पढ़ाया जागरूकता का पाठ

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने की कड़ी में साइबर थाना से एचसी जितेन्द्र कुमार व उनकी टीम द्वारा इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर व बस स्टैंड मीरपुर पर साइबर जागरूकता अभियान चला कर आमजन व छात्रों को साइबर अपराध और उससे बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साइबर थाना पुलिस टीम ने बताया कि स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर हर नागरिक साइबर ठगी से बच सकता हैं। ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मोबाइल एप और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी कर साइबर अपराधी नागरिकों के साथ धोखाधडी कर रहे हैं। ऐसी ठगी से नागरिकों को बचाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तैयार किया है। जिसका हेल्पलाइन नंबर 1930 भी जारी किया गया है। इस नम्बर पर नागरिक साइबर क्राइम से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जैसे ही इस हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएगाए तब उसके साथ हुए फ्रॉड की जानकारी के आधार पर जिस अकाउंट में पैसा पहुंचा होगा, साइबर क्राइम डेस्क द्वारा उस अकाउंट को फ्रीज कर दिया जाएगा और जिस अकाउंट में आपका पैसा गया है, उसका मालिक भी उस पैसे को निकाल नहीं पायेगा।



## उपलब्धि

### संकल्प से सफलता के 9 वर्ष रहे मनोहर सरकार की जनहितकारी नीतियों को समर्पित

# सरकार ने अंत्योदय, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को किया चरितार्थ

### सरकार अपने 9 साल में आमजन के बीच महत्वाकांक्षी योजनाओं की डिलीवरी तय समय सीमा में पहुंचाने में रही सफल

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

रेवाड़ी। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने संकल्प से सफलता के 9 वर्ष पूरे करते हुए मनोहर सरकार ने जनहितकारी नीतियों को आमजन को समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रवाद से प्रेरणा, अंत्योदय दर्शन और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए मनोहर सरकार ने इन 9 साल में आमजन के साथ अंत्योदय, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास कायम करते हुए सबके प्रयास के साथ जनसेवा का धर्म निभाया है। अंत्योदय की भावना को चरितार्थ करते हुए हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जो आमजन के लिए बेहद लाभकारी व कल्याणकारी सिद्ध हुई हैं। सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियांवयन का सशक्त माध्यम बन गया है।

**नौ साल**



**बेमिसाल**

### देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा है अब हरियाणा

हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व की मनोहर सरकार ने अपने इन 9 साल के कार्यकाल में प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक जनहितकारी फैसले लेकर दर्शाया कि सरकार का अंत्योदय उत्थान पर पूरा फोकस है। मनोहर सरकार ने प्रदेश हित के ड्रीम प्रोजेक्ट या आमजन से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं की तय सीमा के अंदर डिलिवरी सुनिश्चित करते हुए अनुकरणीय कदम बढ़ाए हैं। इन 9 साल के कार्यकाल में मनोहर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि मौजूदा सरकार सिर्फ घोषणाएं नहीं करती हैं।




### अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंची मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

प्रदेश सरकार ने आईटी यानी सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया और बिना खर्ची-पर्ची के योग्यता के आधार पर प्रदेश में 1 लाख 10 हजार सरकारी नौकरियां देने का काम किया। सीएम विंडो व जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का पारदर्शिता से समाधान सुनिश्चित किया। प्रति व्यक्ति वार्षिक आय में वृद्धि हुई। मनरेगा के तहत देश में सर्वाधिक दैनिक मजदूरी 357 रुपए हरियाणा के मजदूरों को दी जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक दर्जन से अधिक फसलों की खरीद करने वाला देश का पहला राज्य हरियाणा है। मेरा पानी-मेरी विरासत के तहत जल संरक्षण के लिए धान की जगह अन्य वैकल्पिक फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहन दिया जाता है। पीएम कुसुम योजना के तहत हरियाणा में सर्वाधित सोलर पंप स्थापित किए गए। डायल 112 के माध्यम से आपातकाल में औसतन 8 मिनट में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई गई। सुरक्षा के लिहाज से प्रदेश के हर जिला में महिला पुलिस थाना व साइबर अपराध थाना खोला गया। राइट टू सर्विस एक्ट को ऑटो अपील सिस्टम के माध्यम से सही मायने में लागू किया। अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से 54 विभागों की 675 योजनाएं ऑनलाइन माध्यम से प्रदान करनी सुनिश्चित की। इसके अलावा सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने, निरोगी हरियाणा के तहत मुफ्त टेस्ट सुविधा, विवाह शगुन योजना के तहत पात्र परिवारों की बेटियों की शादी पर 71 हजार रुपए तक का शगुन, हिंदी आंदोलन के मातृभाषा सत्याग्रहियों तथा आपातकालीन पीड़ितों व विधवाओं का सम्मान और मासिक पेंशन का लाभ देने का काम किया। हरियाणा प्रदेश ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पढ़ी-लिखी पंचायतों वाला देश का एकमात्र राज्य होने का दर्जा प्राप्त किया। जहां महिलाओं को पंचायतों में 50 प्रतिशत भागीदारी दी जाती है।

## खबर फटाफट

### अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने दबोचा



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रिंस उर्फ नवीन और पवन उर्फ मोनी का नाम शामिल है। आरोपी प्रिंस पलवल के गांव बडौली का तथा आरोपी पवन उर्फ मोनी गांव मुजेडी का रहने वाला है। आरोपी प्रिंस को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से 3 नंबर पुलिया थाना डबुआ के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल के साथ 2 जिंदा रोंद बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गाया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अवैध हथियार को किसी वारदात को अंजाम देने के लिए अपने दोस्त से लेकर आया था। आरोपी से पूछताछ में हत्या के प्रयाश के मामले का खुलासा हुआ है तथा आरोपी पवन उर्फ मोनी को डबुआ सब्जी मंडी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल के साथ 2 जिन्दा रोंद बरामद हुए है, आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने देशी पिस्तौल को वारदात को अंजाम देने के लिए अपने दोस्त से लिया था। आरोपी पवन पर पूर्व में अपहरण, मारपीट और हत्या के प्रयास के 3 मामले दर्ज है। आरोपी अदालत से जमानत पर है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। दोनों आरोपियों को हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर पुछताछ की जाएगी।

### पुलिस टीम ने विद्यार्थीयों को किया जागरूक

फरीदाबाद। महिला थाना बल्लभगढ़ प्रबंधक गीता की पुलिस टीम ने विद्यार्थीयों को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद के जवाहर नवोदय विद्यालय मोठूका स्कूल में छात्राओं को महिला सुरक्षा, गुड टच बेड टच, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, नशा मुक्ति व यातयात नियमों संबंध में जागरुक किया है। स्कूल स्टाफ के साथ करीब 350 छात्राएं मौजूद रही। पुलिस टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय मोठूका स्कूल में पुलिस टीम ने छात्राओं को आम जीवन में होने वाले क्राइम की जानकारी दी जिसमें उनको गुड टच बेड टच, महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में छात्राओं को जागरुक किया। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते है जिसमें महिला, लडकी से छेडछाड, लडकी, बच्चों को शोषण, दहेज प्रथा इत्यादि। बच्चे छोटे होते है जिनको ज्ञान नहीं होता कि छेडछाड, लडकी, बच्चों को शोषण व दहेज लेना कानूनन अपराध है। इसके साथ ही छात्राओं को गुड व बैड टच के संबंध में जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति ने गलत तरीके, नियत से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि आप इसका विरोध नहीं करेंगे तो आरोपी फिर से इस प्रकार की अपराधिक वारदात को पुन~ द्वारा से गलत हरकत करने की कोशिश करेगा।

### लिव फॉर नेशन संगठन की बैठक में गायों की रक्षा व सुरक्षा पर चर्चा

**फरीदाबाद।** गौ सेवा के कार्य में लगी लिव फॉर नेशन संगठन फरीदाबाद टीम द्वारा एक बैठक का आयोजन आज दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक केंद्र डबुआ कालोनी में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता लिव फॉर नेशन संगठन के अध्यक्ष अनिल कौशिक पुरखवासिया ने की। बैठक में आए लोगों ने गायों की रक्षा व सुरक्षा से संबंधित अलग-अलग सुरक्षा दिए। साथ ही संगठन द्वारा समाज सामाजिक लोगों को मिलकर कार्य करना चाहिए और एनआईटी फरीदाबाद में एक गायों के लिए अस्पताल की आवश्यकता है और तीसरा अहम मुद्दा रोड पर घूम रही पालतू गायों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चर्चा की गई। एम्बुलेंस सेवा सुचारू रूप से कैसे कार्य करें, एक्सीडेंट गायों को कहा और कैसे ईलाज करना है, साथ ही गर्मियों के मौसम में गायों व अन्य जानवरों के पानी पीने के लिए सीमेंट की टंकी या टब की व्यवस्था की जाए। जिससे पशु आराम से पानी प्यास बुझा सकें। इस बैठक में अन्य के अलावा प्रेमचंद गौड़, राकेश वत्स, सीमा शर्मा, अनिल कौशिक, सचिन चौधरी, सुरेन्द्र रावत, अभिषेक गौस्वामी, सुधीर सैन, वरुण, कृष्ण लोहिया, निशा ठकराल, पवन बैंसला, संजीव कुशवाहा, सुशील, पवन, अक्षय, सतीश गौड़ सचिन, भारत, मनोज शर्मा, अशोक शर्मा, जीत वशिष्ठ, रजनी भाटिया, बब्लू कश्यप,उमेश, राजेन्द्र अमन, भुरा, आदेश, हरीओम, विरेन्द्र, परवेस, राजेश लखेरा, विनय, बलजीत यादव, सुनील शर्मा आदि गौभक्त मौजूद रहे।

### ओवरसाईज वाहनों के खिलाफ अभियान तेज, सात वाहन जब्त

**फरीदाबाद।** जिला परिवहन अधिकारी एवं प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव जितेंद्र गहलावत ने बताया कि जिला में सडे हादसे रोकने के लिए ओवरसाईज वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक सात ओवरसाईज वाहनों का चालान कर उन्हें जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ओवरसाईज वाहनों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। श्री गहलावत ने बताया कि ओवरसाईज वाहनों की वजह से सडे हादसे होते हैं। ऐसे में विभाग द्वारा ऐसे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला के सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी जाती है कि भविष्य में जो भी ओवरसाईज गाड़ी पकड़ी जाएगी उसकी अरसी, लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा।

# जर्जर स्कूलों के मुख्यद्वारों पर लिखवा कर बना दिया मॉडल स्कूल

### मान्यता दिलवाने में पक्षपात

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। सरकारी स्कूलों में क्वालिटी शिक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार ने जिले के कुछ स्कूलों को मॉडल संस्कृति विद्यालय का नाम दिया है। इनमें से कुछ स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने के लिए सरकार द्वारा बकायदा सीबीएसई की मान्यता भी दिलवाई गई है। लेकिन इनमें से ज्यादातर स्कूलों की दशा में इसके बाद भी कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों के दरवाजों पर सीबीएसई से मान्यता प्राप्त लिखवा कर और थोड़ा बहुत रंग रोगन करवा कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। जिले में 90 स्कूलों को मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा दिया गया है। जिसमें से पांच वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सेक्टर 55, नंगला गुजरान, एनएच तीन, तिगांव, मेवला महाराजपुर स्कूल को सीबीएसई की मान्यता दिलवाई गई है। इनमें सेक्टर 55 को छोड़ कर अन्य स्कूलों की इमारतों की हालत दयनीय है। जिले में 90 स्कूलों को मॉडल संस्कृति विद्यालय का दर्जा दिया गया है। इनमें से पांच वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता दिलवाई गई है। जिसमें सेक्टर 55, नंगला गुजरान, तिगांव, मेवलामहाराजपुर और एनएच तीन बॉयज स्कूल शामिल है। इनमें सेक्टर 55 स्थित मॉडल संस्कृति विद्यालय की इमारत हाल ही के कुछ सालों में तैयार हुई है। जिसके कारण इस स्कूल की इमारत ठीक ठाक है। जबकि चारों सीबीएसई से मान्यता प्राप्त मॉडल संस्कृति स्कूल पुरानी और जर्जर इमारतों में चल रहे हैं। इन स्कूलों के मुख्यद्वार पर सीबीएसई मान्यता प्राप्त लिखवा कर और कुछ इमारतों की दीवारों को रंग रोगन कर आधुनिक स्कूल बना दिया गया है। बल्लभगढ़ में सात करोड़ और अनंगपुर में चार करोड़ रुपये से स्कूल बनाए गए हैं। लेकिन इन्हें सीबीएसई की मान्यता नहीं दिलवाई। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर 55 और नंगला गुजरान में दो, बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में मेवला महाराजपुर और एनएच तीन में दो और तिगांव विधानसभा क्षेत्र में एक स्कूल को सीबीएसई की मान्यता दिलवाई गई है। जबकि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र और बल्लभगढ़ में एक भी सरकारी स्कूल को सीबीएसईकी मान्यता दिलवाने का प्रयास नहीं किया गया है। जबकि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सात करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्कूल की बहुमंजिला इमारत का निर्माण करवाया गया है। वहीं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में कई सरकारी स्कूलों के पास अच्छी इमारतें मौजूद हैं। अभिभावक एकता मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा, प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा और आईपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बीएस बिरदी का कहना है कि सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को सीबीएसई की मान्यता दिलाने में पक्षपात किया गया है। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा सीबीएसई के प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें से कई निजी स्कूल अभिभावकों का जमकर आर्थिक शोषण कर रहे हैं।



#### सुविधाओं का भारी अभाव

सीबीएसई स्कूलों की तर्ज पर सुविधाओं में इजाफा करने का जरा भी प्रयास नहीं किया गया है। जिले के जिन पांच स्कूलों को सीबीएसई का बनाया गया है, उनमें भी पीजीटी, टीजीटी, जेबीटी अध्यापक व अन्य स्टाफ की कमी है। शेष अन्य मॉडल संस्कृति विद्यालयों में भी अध्यापकों के काफी पद रिक्त पड़े हुए हैं। जिले के अधिकांश स्कूलों में मेडिकल, नोन मेडिकल विषय की तो पढ़ाई ही नहीं होती है। जिसकी वजह से अनेक छात्र 11वीं कक्षा में नॉन मेडिकल, मेडिकल स्ट्रीम में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें प्राइवेट स्कूलों का रुख करना पड़ रहा है। जिन सरकारी स्कूलों में मेडिकल, नोन मेडिकल की पढ़ाई होती भी है तो वहां फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ के अध्यापकों का भारी अभाव है।

# परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा की फेसबुक आईडी हुई हैक



**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ के विधायक एवं प्रदेश के परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा की फेसबुक आईडी किसी हैकर ने हैक कर ली और उस पर अश्लील वीडियो भी अपलोड कर दिया। जैसे ही इसकी जानकारी परिवहन मंत्री को मिली तो उन्होंने तत्काल डीजीपी शत्रुजीत कपूर और फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य को मामले की जानकारी दी और कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। परिहवन मंत्री श्री शर्मा की फेसबुक आईडी हैक होने की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हडकंप मच गया। फरीदाबाद से लेकर चंडीगढ़ तक की साइबर एक्सपर्ट की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। स्वयं डीजीपी इस मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा आज वीरवार को चंडीगढ़ में थे। इनकी फेसबुक आईडी स्पेशल असिस्टेंट ब्रजमोहन चलाते हैं। प्रदेश में होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारियां पेज पर शेयर की जाती है। वीरवार को मंत्री के एक कार्यक्रम के कुछ फोटो और मैटर अपलोड करने के लिए जब असिस्टेंट ने आईडी खोली तो वह खुल ही नहीं रहा था। उस पर एक लिंक आया हुआ था। लिंक पर क्लिक करते ही फेसबुक पर अश्लील वीडियो अपलोड हो गई। इसकी जानकारी तुरंत मंत्री को दी गई।परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने पुलिस को हैकर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। फेसबुक हैक करने की सूचना मिलते ही प्रदेश भर की साइबर एक्सपर्ट टीम एक्टिव हो गई। चंडीगढ़ और फरीदाबाद की साइबर टीम के साथ साथ दिल्ली पुलिस से भी मदद ली जा रही है ताकि हैकरों को जल्द पकड़ा जा सके। परिवहन मंत्री के करीब 97 हजार फॉलोअर्स हैं।

# एसआरएस स्कूल की अनिका ने मुक्केबाजी में जीता कांस्य पदक

### लुधियाना में आयोजित हुआ तीन दिवसीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अनिका गुप्ता ने लुधियाना में आयोजित मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट पंजाब के लुधियाना जिले के दोराहा शहर में सीबीएसई उत्तर क्षेत्र सी.बी.एस.ई. नॉर्थ जोन में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर के चयनित खिलाडियों ने हिस्सा लेकर अपना दमखम दिखाया। जिसमें ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अनिका गुप्ता ने अपने मुक्केबाजी का कौशल दिखाया। अनिका ने अंडर 17 आयु वर्ग की 75 किलोग्राम से ज्यादा की ओपन केटेगरी में कांस्य पदक जीता। विद्यालय के मुक्केबाजी कोच जितेंद्र कौशिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए अनिका ने कड़ी मेहनत के साथ पूरी तैयारी की थी और उसी मेहता का परिणाम है कि स्कूल की झोली में पदक आया है। वहीं स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल ने अनिका गुप्ता को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अनिका ने स्कूल को गौरवांवित किया है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में अनिका का लक्ष्य गोल्ड मैडल होगा। इस मौके पर विद्यालय के मैनेंजिग डायरेक्टर विनय गोयल के अलावा प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, मैनेजर तेजप्रकाश पांडे और सारे स्टाफ ने अनिका की। इस शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उसे प्रोत्साहित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# यूथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर प्लेटफार्म : परमजीत चहल

### कहा, प्रतिभाशाली युवा बनते हैं अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने कहा कि यूथ फेस्टिवल युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर प्लेटफार्म होता है। एसडीएम चहल ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा फेस्टिवल के जरिये अन्य युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनते हैं। एसडीएम परमजीत चहल आज वीरवार को गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान में जिला फरीदाबाद, पलवल और झज्जर जिला के कालेजों के विद्यार्थियों के लिए एमडी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ अवसर पर उपस्थित युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। एसडीएम परमजीत चहल ने कहा कि यूथ फेस्टिवल फाइन आर्ट से जुड़ी प्रकृति की नजदीकी ले जाने में सहायक होती है। इससे फेस्टिवल में भाग लेने वाले युवाओं को प्रकृति की ओरिजिनल्टी के साथ साथ जोड़ती है। एसडीएम परमजीत ने कहा कि फेस्टिवल के जरिये युवा विद्यार्थियों में छिपी हुई कला का बेहतर प्रदर्शन करने का बेहतर मौका मिलता है। फेस्टिवल में बहुत सारे लोगों को प्रतिभागियों की कला देखकर उन लोगों के वह प्रेरणा के स्त्रोत बनते हैं। परमजीत चहल ने कहा कि यूथ फेस्टिवल में युवाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है। जिससे कि भागीदार युवा कई युवाओं की प्रेरणा का स्त्रोत बनता है। युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन यूथ फेस्टीवालों के जरिए ही होता है। बता दें कि एमडीयू के जोनल यूथ फेस्टिवल में पांच क्षेत्र में कंपटीशन के जरिए तीनों जिलों से लगभग 43 कॉलेज के विद्यार्थी अपने भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।जोनल यूथ फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के तौर पर मैडम ज्योति शरण, एमडीयू के एडिशनल निदेशक डॉ प्रताप राठी, डॉ शमशेर अहलावत व सुधांशु उपाध्याय का कॉलेज की प्रिंसिपल अर्चना वर्मा ने मेहमानों का शाल ओढा कर स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित करके स्वागत किया। वहीं जोनल युथ फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर मंत्रो उच्चरण के साथ मा सरस्वती वंदना करके दीप प्रज्वलित किया गया। युद्ध फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर प्रिंसिपल डाक्टर चन्द्र वशिष्ठ, डॉक्टर रचना खुल्लर, डॉ अंजू दुआ, प्रोफेसर आरपी आर्य, बीडीसी चेयरपर्सन बागवती लौहिया, सरपंच रणबीर लौहिया सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे।




# आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ता ने की बैठक

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। बार काउसिंल पंजाब एण्ड हरियाणा के आदेश पर पूरे हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ में आगामरी 15 दिसम्बर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। इस आगामी चुनाव को देखते हुए लायर्स चैम्बर सैक्टर-12 में अधिवक्ताओ की एक बैठक पंजाब एण्ड हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वरिष्ठ के चैम्बर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला बार फरीदाबाद के पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने की। इस बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर दलपत सिंह का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उन्होंने बैठक में बोलते हुए कहा कि वह ग्रुप के लिए कार्य करेगे। इससे पहले भी कुंवर दलपत सिंह वकीलो के कल्याण व समस्याओ के निवारण के लिए आगे बढ़-चढकर कार्य करते रहे हैं। सभी वकीलों ने उनका अनुमोदन किया। इस मौके पर बार एशोसियेशन के पूर्व प्रधान जोगेन्द्र चौहान व पूर्व प्रधान बोबी रावत ने उनके आने की खुशी जाहिर की। इस मौके पर ओ.पी. यादव, प्रदीप परमार, जोगेन्द्र नरवत, मनोज पण्डित, भारत चन्दीला, कुलदीप जोशी, सुखबीर चन्दीला, महेश नागर, अमित शर्मा, नकुल चपराना, सतबीर शर्मा, कमल भाटी, सुधीर चपराना, सुमन रावत, कॅवर भान, महेन्द कौशिक, अनुज शर्मा, सर्वेश कौशिक, पवन पाराशर, जोगेन्द्र डागर, प्रदीप सान्डलीय, विजय यादव, डाक्टर शरद शर्मा, ओमवीर धनकड, भारत पुजारी, सुन्दर नागर, मुकेश नैन, रविन्द्र सिधू, प्रदीप सिधू, कपिल तिवारी, कमल दलाल, हरदीप बसोया, अनिल शर्मा आदि सैकड़ो वकील मौजूद थे।



# सिविल अस्पताल की महिला गार्ड से महिलाओं ने की मारपीट

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। बादशाह खान सिविल अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी में एक महिला गार्ड से कुछ महिलाओं ने मारपीट की। यह महिलाएं अस्पताल में भर्ती एक मरीज के साथ आई थी। गार्ड ने महिलाओं को ऑपरेशन कक्ष में जाने से रोका था। मारपीट की घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फिलहाल इस मामले में पीड़ित महिला सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी शिकायत अस्पताल की पीएमओ से की है। पीएमओ सविता यादव का कहना है कि पुलिस को कार्रवाई करने के लिए शिकायत दे दी गई है। सिक्योरिटी गार्ड उषा के मुताबिक उसकी ड्यूटी अस्पताल दूसरी मंजिल पर है। जहां पर ऑपरेशन वार्ड है। वहीं पर ऑपरेशन के लिए एक महिला मरीज आई। उसके साथ लगभग आधा दर्जन महिलाएं भी थी। जिन्हें देख उसने कहा की आप ऑपरेशन कक्ष में नहीं जा सकते। केवल जिनका ऑपरेशन हैं, वही अंदर जा सकती हैं।इतना सुनने के बाद साथ में आई लगभग आधा दर्जन महिलाओं ने उस पर हमला कर दिया। उसके साथ मारपीट की गई। वह इन महिलाओं को नहीं जानती। सिक्योरिटी गार्ड उषा के मुताबिक उसकी कोई गलती नहीं है। जिसे अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है। झगड़े के मामले में घायलों के साथ आई थी आरोपी महिलाएं अस्पताल की पीएमओ सविता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में मंझावली इलाके में एक झगड़े में एक शख्स की मौत हो गई थी। इसमें 4 लोग घायल हुए थे। उन्हीं घायलों में से तीन महिलाएं और एक पुरुष इस अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हीं की परिचित कुछ महिलाओं ने अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट की है।

**बैठक** — 2006 से पहले जन्में हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करें

# निर्वाचन आयोग की हिदायतों का पूरा पालन करना करें अधिकरी: डीसी

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद।डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट में सभी एईआरओज अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मृत व पलायन कर चुके मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार कार्यवाही करने उपरान्त मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित करें और उससे संबंधित रिकॉर्ड तीन वर्ष तक सुरक्षित रखें।डीसी विक्रम सिंह आज वीरवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चुनाव विभाग की वोटर लिस्ट के कार्यो से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियो को यह दिशा-निर्देश दे रहे थे।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जो भी युवा 01-01-2024 को 18 साल का हो जाएगा यानि 01-10-2006 से पहले जन्में हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कहा कि सभी ईआरओ और एईआरओज अपने अपने स्तर पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले कॉलेजों के प्रधानाचार्य, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, आरडब्लूए, समाज सेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोडने के लिए मतदाता सूची से जुड़े जितने भी फॉर्म जिस कारण से पैडिंग है। उनका निपटारा निर्वाचन आयोग के नियमानुसार सात दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें। फरीदाबाद जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दिशा निर्देश दिए हैं कि सभी चुनाव सुपरवाइजर और बीएलओज के विभागाध्यक्ष की बैठक तुरंत प्रभाव से आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। थर्ड जेनडर, सैक्स वर्कर, बेघर लोगों के लिए उनके बाहुल्य क्षेत्रों में कैम्प का आयोजन करें। सभी अपने-अपने संस्थान में पढने वाले पात्र छात्र/छात्राओं का शत प्रतिशत मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर नोडल अधिकारी का नाम, पद, मोबाईल न0. आदि चस्पा करवाए ताकि किसी छात्र/छात्रा को पंजीकरण में कोई समस्या हो तो वे उस अधिकारी से सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सके। सभी कैम्पस एमबैस्डर नियुक्त कर फोटो सहित पूर्ण सूचना जैसे रोल न0, कक्षा, नाम पता निर्वाचन कार्यालय में भिजवाए। कोई भी योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट एचटीटीपीएस~//वोटर्स.इसीआई.जीओवी.इन पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। इस बारे अपने संस्थान में अध्यनरत सभी छात्र/छात्राओं को सूचित करवाए। ईएलसी के तहत न्यू वोटर क्लब का गठन कर उसकी सूचना निर्वाचन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। सभी संस्थान छात्र/छात्राओं को पुनरीक्षण कार्यकम आगामी 30 नवंबर तक चलाया जाएगा। इस बारे अवगत कराए ताकि वंचित पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि 04 नवंबर व 05 नवम्बर 2023 को फरीदाबाद जिला के सभी विधान सभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष कैम्पों का आयोजन कर भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जो भी युवा 01-01-2024 को 18 साल का हो जाएगा यानि 01-10-2006 से पहले जन्में हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतों के अनुसार जहां भी एक संस्थान में पांच पोलिगं बूथ हैं, वहां से सम्भावित पोलिंग स्टेशनों की तालाश करना सुनिश्चित करें। स्थानान्तरित वोट पर विशेष फोकस करें। हर एईआरओ अपने अपने इलाकों की विजिट करना सुनिश्चित करें। फरीदाबाद जिला के सभी विधान सभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारी पूरे सप्ताह जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करें।



27 page 8_02.qxd 10/26/2023 9:52 PM Page 1



## खबर फटाफट

### गैंगस्टर सचिन भिवानी का गुर्गा पिस्तौल सहित गिरफ्तार



**करनाल :** पुलिस ने गैंगस्टर सचिन भिवानी के गुर्गे को नमस्ते चौक पर हथियारों के साथ पकड़ लिया। उसके पास से 5 पिस्तौल व 18 जिंदा रौंद बरामद हुए। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान वह कई खुलासे कर सकता है। पुलिस को बुधवार देर रात सूचना मिली गैंगस्टर सचिन की गैंग का सदस्य संदीप उर्फ बब्बल निवासी पटौदी करनाल में हथियार सप्लाई करने के लिए आया है। सूचना के बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची तो संदीप पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि राजस्थान जेल में बंद सचिन भिवानी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग का मेंबर है। वह पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर केस में भी नामजद है। सचिन करनाल में अपने गुर्गो से कोई बड़ी वारदात करवाने के फिराक में था।

### तीन वाहनों में हुई टक्कर,तीन घायल

**बहादुरगढ़ :** रोहद बाइपास पर गुरुवार को तीन वाहन रोडवेज बस, कार और बाइक की टक्कर हो गई। इससे तीन लोगों को चोट आई हैं। रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े एक बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। घायलों अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रोडवेज की बस बहादुरगढ़ से रोहतक जा रही थी। रोहद बाइपास के पास पीछे से एक वैगनआर कार आई। दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। इतने में एक बाइक सवार बस की चपेट में आ गया। आसौदा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे की वजह से बाइपास पर काफी देर तक जाम भी लगा रहा।

### फर्जी कागजातों पर करवाई जमानत रद्द की

**हिसार :** जिला एडिशनल सेशन जज विवेक सिंगल की कोर्ट के रीडर मुकेश कुमार ने सिविल लाइन थाना में की गई शिकायत में बताया कि फतेहाबाद के गांव मोचीवाला के रहने वाले अजय और प्रीतम ने थाना अर्बन स्टेट- 2 हिसार में दर्ज एक मामले में नामजद नारनौंद निवासी पवन उर्फ मुशा की जमानत के लिए जाली कागजात तैयार करवाए। पता चला कि दो लोगों ने नामजद आरोपी की जाली कागजात तैयार कर जमानत करवा ली। जांच के दौरान खुलासा होने पर कोर्ट के आदेश पर जमानत रद्द कर दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इन दोनों लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच के दौरान पता चला कि पवन की जमानत के लिए उकलाना के नायब तहसील और पटवारी की फर्जी रिपोर्ट असल मालिक देशराज के नाम पर तैयार करवाई गई थी। इसके बाद तुरंत कार्रवाई गई।

### नौकरी का झांसा देकर 9 लाख हड़पे




**फतेहाबाद :** पुलिस एक दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि टोहाना में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से 9 लाख रुपए ठग लिए। दंपति ने हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन में बड़े अधिकारियों से पहचान का दावा कर उसकी पत्नी को नौकरी दिलाने का दावा किया था। इसके लिए 15 लाख रुपए मांगे थे। पीड़ित संजय कुमार ने बताया कि उसकी मुलाकात लुधियाना निवासी एक दोस्त संजीव महलान की मार्फत सांपला निवासी रविंद्र उर्फ सोनू से हुई। उसने बताया कि सरकारी अधिकारियों व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन में बड़े अधिकारियों से उसकी अच्छी जान-पहचान है। किसी को नौकरी लगना हो तो उससे संपर्क करना। उसकी पत्नी की नौकरी लगवाने के लिए इसेन 15 लाख रुपए मांगे। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब परीक्षा के बाद रिजल्ट आया तो उसकी पत्नी का लिस्ट में नाम नहीं था। इस पर दोबारा फार्म भरने के लिए कहा गया और फिर फोन उठाना बंद कर दिया।

### सिम फर्जीवाड़े में आठ दुकानदारों को देना होगा जवाब

**जींद :** मोबाइल शॉप दुकानदारों ने गलत दस्तावेजों के आधार पर सैंकड़ों सिम कार्ड निकलवा लिए। वोडाफोन-आइडिया कंपनी की वार्षिक ऑडिट में इसका खुलासा है। कंपनी की शिकायत पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने आठ दुकानदारों को नामजद कर उनके खिलाफ नकली दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड लेने, फर्जीवाड़े समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहाली से वोडाफोन-आइडिया के नोडल ऑफिसर ने पुलिस को यह शिकायत दी थी।ये दुकानदार कस्टमर की आईडी को उनके पास भेजते हैं, इसके आधार पर सिम कार्ड मिलता है और एक्टिवेट किया जाता है। वार्षिक ऑडिट में यह खुलासा हुआ है कि इन दुकानदारों ने गलत दस्तावेज लगाकर सिम कार्ड जारी कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, तीन जोड़े आपत्तिजनक हालत में मिले

**हिसार :** पुलिस ने शहर के एक कैफे में छापा मार कर दौरान कैफे अंदर से पुलिस ने कई महिला-पुरुषों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। कैफे संचालक को मौके पर काबू कर लिया गया। पुलिस युवक-युवतियों को शहर थाना लेकर आई है। एडीजीपी हिसार मंडल कार्यालय की सूचना पर डीएसपी विनोद शंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने परिजात चौक स्थित जन्नत कैफे पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस को कैफे में 3 महिला और 3 पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। कैफे के अंदर कैबिन बने हुए थे। जहां पर सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था।समाचार लिखे जाने तक पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही थी।

### कई मकानों के काट दिए कनेक्शन, बिजली चोरी कर रहे थे


**सोनीपत :** बिजली निगम की ओर से गुरुवार तड़के 4 बजे तक चली कार्रवाई में 73 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। इस दौरान कुंडी कनेक्शन के जरिए बिजली चोरी करने वालों के सबूत जुटाए गए। बिजली कनेक्शन काटने के साथ उपभोक्ताओं पर 15.28 लाख रुपये का जुर्माना किया गया। उन्हें चेतावनी दी गई कि अगर जल्द ही जुर्माना नहीं भरा गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता गीतूराम तंवर ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विजिलेंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के लिए लगातार चोरी रोको अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 73 कनेक्शन काटे गए और 15.28 लाख रुपये का जुर्माना किया गया। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। बताया गया कि निर्देश देने के बादअधीक्षण अभियंता इस कार्रवाई की टीमों से हर तीन घंटे में जानकारी लेते रहे।

नौ वर्षों के कार्यकाल में बदली हरियाणा के विकास की दशा व दिशा

# जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद से ऊपर उठकर किया काम : मनोहर लाल

## प्रदेश में 18,422 करोड़ रुपये का हुआ निवेश, 1,59,622 उद्योग लगे और 12.60 लाख लोगों को मिला रोजगार

**प्रदेश का निर्यात बढ़कर 2,45,453 करोड़ रुपये हुआ**



शशिभूषण सैनी,भरोसा मित्र

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमारी सरकार ने जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद से ऊपर उठकर काम किया है। इससे राज्य के विकास की दशा व दिशा पूरी तरह बदली है। वर्ष 2014 में प्रदेश का निर्यात 68,032 करोड़ रुपये था, जो आज बढ़कर 2,45,453 करोड़ रुपये (वर्ष 2022-23) हुआ है। प्रदेश में 18,422 करोड़ रुपये का निवेश हुआ और 1,59,622 एमएसएमई उद्योग लगे हैं, जिससे 12.60 लाख लोगों को रोजगार मिला है। वह गुरुवार को प्रदेश सरकार के आज 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**देशवासियों में नई उम्मीद जगाई**

मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने भौतिक विकास के साथ-साथ लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने पर हमने विशेष ध्यान दिया है। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलम्बन, स्वामित्व, स्वाभिमान, समानता पर जोर दिया है।

**विकास परियोजनाएं शुरू कीं**

उन्होंने कहा कि विकास की दृष्टि से सरकार नारनौल में 700 मिलियन अमरीकी डालर की लागत से 886 एकड़ क्षेत्र में एकीकृत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब विकसित कर रही है। आई.एम.टी खरखौदा, सोनीपत में मारुति सुजुकी द्वारा 800 एकड़ तथा सुजुकी द्वारा 100 एकड़ भूमि पर उद्योग स्थापित किया गया है। पी.एम. गति शक्ति योजना के तहत प्रदेश में 6 परियोजनाओं में से 3 परियोजनाएं मंजूर हुई हैं। पानीपत में मेडिकल डिवाइस पार्क व हिसार में ब्लक ड्रग्स पार्क स्थापित किए गए हैं। इनके अलावा, पदमा स्कीम (वन ब्लॉक-वन प्रोडक्ट) के तहत 143 ब्लॉकों में क्लस्टर आधार पर प्रथम चरण में 40 क्लस्टर्स में विकास परियोजनाएं शुरू की गई।

**मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना**

उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापारियों के कल्याणार्थ उन्हें विभिन्न सुविधाएं प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना के तहत आग और सेंधमारी के मामले में नुकसान के लिए 5 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक का बीमा कवर और मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 3.86 लाख पंजीकृत व्यापारियों के प्रीमियम का भुगतान किया गया।

**रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण**

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग जुड़ा है। वर्तमान में 8 राजमार्गों का कार्य पूर्ण व 12 का प्रगति पर है। दिल्ली के चारों तरफ यातायात को सुगम करने के लिए कुंडली-मानेसर-पलवल और कुण्डली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे बनाए और उन पर यातायात सुगमता से जारी है। अम्बाला कोटपुतली ग्रीनफील्ड कॉरिडोर (152-डी) 10,646 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण। रोहतक शहर में देश की पहली एलिवेटिड रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण और कुरुक्षेत्र में इसी परियोजना पर कार्य शुरू हो गया।

उन्होंने बताया कि कैथल में एलिविटिड लाइन के लिए सर्वे किया जा रहा है। 2577 करोड़ रुपये की लागत से 62 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण तथा 50 पुलों का कार्य प्रगति पर है। वाई.एम.सी.ए. चौक से बल्लभगढ़, बहादुरगढ़-मुंडका (दिल्ली), बदरपुर-मुजेसर (वाईएमसीए चैक) व सिकंदरपुर स्टेशन से सैक्टर-56 तक मैट्रो सेवा शुरू हो गई है।सार्वजनिक सड़क परिवहन सेवाओं में ई-टिकटिंग शुरू की गई है। रिचार्जिंग पर 5 प्रतिशत रिबेट भी दी जाएगी। प्रदेश के सभी बस अड्डों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गए।

**शिक्षा से रोजगार की सुविधा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने व रोजगारपरक शिक्षा के लिए कई पहलें की हैं। दुधोला, जिला पलवल में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, जिसमें युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया होने के साथ-साथ वे स्व रोजगार करने के लिए सक्षम बन सकें।

**खेलों में बनाई पहचान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा का युवा अपने खेल प्रतिभा के दम पर न केवल देश में अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। युवाओं का खेलों के प्रति रुझान बढ़ा है। हाल ही में संपन्न हुए एशिआई खेलों में 40 प्रतिशत मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। खेलों की नर्सरी के तौर पर प्रदेश ने देश-दुनिया में पहचान बनाई है।

उन्होंने हा कि सरकार ने पिछली सरकार के मुकाबले खिलाड़ियों को दी जाने वाली सम्मान राशि में भारी वृद्धि की है।

**अन्य योजनाएं लागू की**

उन्होंने कहा कि सरकार ने जहां युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है, वहीं सैनिक व अर्द्धसैनिक कल्याण पर भी विशेष ध्यान दिया है। इसके लिए अलग से सैनिक व अर्द्धसैनिक कल्याण का गठन किया है और अभी तक अनुकम्पा के आधार पर शहीद सैनिकों के 367 आश्रितों को सरकारी नौकरी दी है।

### जनता के लिए स्वास्थ्य आधारभूत ढांचा विकसित किया

मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेशवासियों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके लिए स्वास्थ्य आधारभूत ढांचा विकसित करने पर जोर दिया गया है। वर्ष 2014 में प्रदेश में 1 मेडिकल विश्वविद्यालय था और आज 2 विश्वविद्यालय संचालित हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या वर्ष 2014 में 6 थी, जो आज बढ़कर 15 हो गई है और एमबीबीएस सीटों की संख्या 700 (वर्ष 2014 में) थी, जो आज 2185 तक पहुंच गई है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में पीजी सीटों की संख्या 289 (वर्ष 2014 में) थी, जो आज 1006 हो गई है। वर्ष 2014 में नागरिक अस्पतालों की संख्या 56 थी, जो आज 72 हो गए हैं। हर जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना के तहत अधिकतर जिलों में कॉलेज बन चुके हैं या निमार्णधीन है। 8 मेडिलक कॉलेज पाइपलाइन में हैं। इतना ही नहीं, हमने 2700हेल्थ एंड वैलनैस सेंटर्स बनाए हैं। उन्होंने कहा कि देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में स्थापित किया गया है। इसके अलावा, अंबाला सिविल अस्पताल, अम्बाला छावनी में कैंसर के इलाज के लिए अटल कैंसर केयर केंद्र, 17 जिला सिविल अस्पतालों में सिटी स्कैन, 22 सिविल अस्पतालों में हैमोडायलिसिस, 5 जिला सिविल अस्पतालों में एम.आर.आई और 4 केंद्रों पर कार्डियोलॉजी सेवाएं शुरू की गई। 13 सिविल अस्पतालों को 100 बिस्तरों वाले अस्पताल से 200 बिस्तरों वाले अस्पतालों में और अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल को 200 बिस्तरों वाले अस्पताल से 300 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड किया गया।

### विश्वविद्यालय राजकीय महाविद्यालय की संख्या बढ़ी

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रदेश में 43 विश्वविद्यालय थे, जो आज बढ़कर 56 हो गए हैं। राजकीय महाविद्यालय 105 थे, जो आज 182, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी संस्कृति विद्यालय 13 थे, जो आज 147 हो गए हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने 1419 प्राइमरी राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय खोले हैं। अपने कार्यकाल में 71 कॉलेज खोले हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत केवल महिलाओं के हैं। उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2025 तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने का लक्ष्य रखा है। इसी के अनुरूप केजी से पीजी तक 4 विश्वविद्यालयों में दाखिले किए गए हैं। इतना ही नहीं, हिन्दी भाषा में बी.टैक पाठ्यक्रम 3 विश्वविद्यालयों में शुरू किए गए हैं। चिराग योजना के तहत 2650 गरीब परिवारों के बच्चों का मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में दाखिला करवाया गया है।

# मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल बना फर्जीवाड़े का पोर्टल : चढूनी

**रोहतक का किसान अपनी धान को बेचने वहां से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करके पिहोवा में बेचने क्यों आएगा**



भरोसा मित्र

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने सरकार पर आरापे लगाया है कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल फर्जीवाड़े का पोर्टल बन चुका है। इसी की आड़ में धान खरीद के दौरान सैंकड़ों करोड़ रुपये का घोटाला किया गया है। इसे अंजाम देने के लिए फर्जी फर्में खड़ी की गई और इसमें मार्केटिंग बोर्ड, राजस्व विभाग सहित खरीद एजेंसियां भी शामिल रही है। वे गुरुवार को जाट धर्मशाला में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में 23 नवंबर को पीपली अनाज मंडी में होने वाली जन आक्रोश रैली को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों से फ़ीड बैक लिया और रैली को कामयाब बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी लगाई।

चढूनी ने कहा की यह कैसे हो सकता है कि रोहतक का किसान उसी एमएसपी पर जो उसे रोहतक में मिल रही हो, अपनी धान को बेचने वहां से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करके पिहोवा में बेचने आएगा। उन्होंने कहा कि घोटाले से जुड़े लोगों ने कई बंजर जमीनों, रिहायशी क्षेत्रों में धान की पैदावार दिखाकर उनका पोर्टल दर्ज करवा दिया और पोर्टल में फर्जीवाड़ा कर करोड़ों का चूना सरकार को लगाया उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार तुरंत इस कालाबाजारी पर लगाम लगाकर पर्याप्त खाद किसानों को उपलब्ध करवाए अन्यथा भाकियू( चढूनी) कोई सड़कों पर उतरने को मज़बूर होगी। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना ने कहा की सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य इस वर्ष के लिए 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाना चाहिए और गन्ना मिलों में पिराई नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू की जानी चाहिए।

**जाली फर्में खड़ी कर दी**

चढूनी ने कहा कि धान के सीजन के दौरान फर्जी पोर्टल दर्ज कर करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम देने के लिए कुछ ऐसी फर्मों को खड़ा किया गया, जिनका कोई अस्तित्व नहीं है। हिसार, रोहतक, रायपुर रानी आदि क्षेत्रों की जमीनों पर धान की फसल की पैदावार दिखाकर उनके पोर्टल पिहोवा व अन्य मंडियो में दर्ज करवाए गए व उसके बाद उनके गेट पास काटकर उनके जे फार्म जारी किए गए। कागजी तौर पर उस भूमि पर पैदा की गई धान की फसल की खरीद पिहोवा में दिखाई गई, जबकि इन ज़मीनों पर धान की पैदावार नहीं हुई। गुहला चीका क्षेत्र के रहने वाले लोगों द्वारा रोहतक व अन्य क्षेत्रों में धान उगाकर उसे पिहोवा में लाकर बेचा दिखाया गया व उनके पोर्टल पिहोवा में दर्ज किए गए।

### हमले से दो पुलिस हैड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल


**रेवाड़ी :** होटल पर शराब पीने की शिकायत पर पहुंचे पुलिस के दो हैड कांस्टेबलों पर युवकों ने हमला बोल दिया तथा गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार जिले के गांव नाहड़ स्थित पुलिस चौकी में तैनात हैड कांस्टेबल लाल सिंह और ओमप्रकाश बीती रात्रि दश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि नाहड़-कनीना रोड़ स्थित एक होटल के पास कुछ लोग शराब पी रहे हैं। जब दोनों पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां पांच-छह युवकखड़े हुए थे। जब पुलिसकर्मियों ने उनसे पूछताछ शुरु की तो पहले तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौच की तथा उसके बाद दोनों पर हमला बोल दिया। आरोपी युवकों ने दोनों को बुरी तरह से पीटा तथा उनके चेहरे पर शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें मारी।

हमला को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद नाहड़ चौकी के अलावा कोसली थाना से भी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल दोनों पुलिसकर्मियों को तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में नवीन मलिक ने जीता कांस्य

**नवीन भी बड़े भाई के साथ नेवी की टीम के साथ प्रशिक्षण लेने लगे। इस दौरान उसने कई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण जीता**



भरोसा मित्र

**सोनीपत।** अल्बानिया की राजधानी तिराना में आयोजित हो रही अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जिले के पहलवान नवीन मलिक ने कांस्य पदक जीता है। उनकी जीत पर गांव में खुशी का माहौल है।

गांव में लौटने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन तिराना में 23 से 29 अक्तूबर तक किया जा रहा है। इसमें फ्री स्टाइल मुकाबले में गांव पुगथला के पहलवान नवीन ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

बता दें कि नवीन का साधारण सा परिवार है और खेती कर अपना गुजर बसर करते हैं। नवीन के बड़े भाई प्रवीन भी पहलवान हैं। अपने भाई की पहलवानी को देखते देखकर नवीन को भी पहलवानी का शौक हुआ, इसके बाद पिता ने नवीन को भी प्रशिक्षण लेने भेज दिया। गौरतलब है कि वर्ष 2016 तक दोनों भाइयों ने सोनीपत के कोच बलवान सिंह के पास प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2016 में उनके बड़े भाई प्रवीन का नेवी में चयन हो गया। इसके बाद प्रवीन के साथ-साथ नवीन भी नेवी की टीम के साथ प्रशिक्षण लेने लगे। इस दौरान उसने कई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण जीता। गौरतलब है कि नवीन ने इससे पहले एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप व अगस्त, 2022 में हुए राष्ट्मंडल खेलों में पाकिस्तान के पहलवान को हराकर स्वर्ण जीता था।

उसके पिता धर्मपाल ने बताया कि उन्होंने भैंस का दूध पिलाकर अपने बेटे को पहलवान बनाया है। उन्हें अपने बेटे के प्रदर्शन पर गर्व है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि बेटा ओलंपिक में भी पदक जीतकर लाएगा। इससे उन्हें और भी ज्यादा खुशी मिलेगी।

### मृतकों की बुढ़ापा पेंशन निकालने का हुआ खुलासा

**पलवल :** यहां एक बैंक के कर्मचारियों की मिलीभगत से मृतकों की बुढ़ापा पेंशन निकालने का खुलासा हुआ है। सीएम फ्लाइंग ने गुरुवार को दी फरीदाबाद केंद्रीय सहकारी बैंक में छापेमारी की,तब इसका पता चला। जांच में करीब 15 खाते ऐसे मिले, जिनके खाताधारकों की मौत वर्ष 2022 में हो चुकी है, लेकिन उनकी बुढ़ापा पेंशन की राशि वर्ष 2023 तक निकाली जा रही है। सीएम फ्लाइंग ने बैंक का रिकॉर्ड कब्जे में अपने साथ ले गई। खातों की संख्या बे ने का अनुमान है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी मनीष सहगल ने बताया कि शिकायतें मिल रही थी उसके आधार पर यहां छापा मारा गया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्ट्री पर छापा मार कर 2400 किग्रा. घी बरामद किया

**गुप्त सूचना मिली थी कि गांव नागपुर में स्थित फैक्ट्री में नकली घी बनाया जाता है**

भरोसा मित्र

**फतेहाबाद ।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने रतिया खंड के गांव नागपुर में चल रही घी फैक्ट्री में हिसार की टीम ने छापा मार कर विभिन्न घी कंपनियों के रेपर जब्त किए। मौके पर टीम को खराब घी भी मिला, जिसे नष्ट करवाया गश। पहले इसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए।

सीएम फ्लाइंग, फूड सेफ्टी अधिकारी एवं गुप्तचर विभाग कर्मचारियों ने एक घी फैक्ट्री पर रेड की। उसने जांच के दौरान टीम ने करीब 2400 किलोग्राम घी बरामद किया। इनके डिब्बों पर विभिन्न कंपनियों के रेपर लगे हुए थे। घी के सैंपल जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव नागपुर में स्थित एक फैक्ट्री में नकली घी बनाया जाता है। सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, फूड सेफ्टी अधिकारी गौरव की टीम ने इसी सूचना के आधार पर छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने बाबूजी, शिवा, डायरी-वे तथा दिव्या नाम के रेपरों से 2400 किलोग्राम घी बंद डिब्बों में पाया गया। इसके अलावा छह टीम भी घी मिला जो खराब था। ऐसे में खेतों में जाकर इस नष्ट करवा दिया गया।समाचार लिखे जाने तक टीम कार्रवाई कर रही थी।



घृणित कार्य

पिता अगर सौतेला है मगर मां ने तो उसे जन्म दिया था, पर लाज नहीं आई

# शर्मनाक : मासूम को बेहोश करके मां-बाप ही बेच दिया करते

**उसे खाने में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया करते और भेड़ियों को बेच देते**

भरोसा मित्र


पलवलः मां-बाप से कोई संतान दुर्व्यवहार करे या उनकी देखभाल न करे तो समाज उसे कई ताने देता है। यहां एक ऐसी घटना का पता चला है कि कलयुगी माता-पिता की करतूत से दिल दहल जाता है।

एक गांव में सगी मां और सौतेले बाप ने अपनी ही 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को देह व्यापार करवाया। इसके लिए वे उसे खाने में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया करते और भेड़ियों को बेच दिया करते। मासूम के साथ इस प्रकार चार माह तक दुष्कर्म कराया गया।

मासूम ने काफी सहने के बाद इसकी शिकायत महिला थाने में दर्ज कराई। इसमें अपने सौतेले पिता पर भी दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करके अपनी जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह बेहोश हो जाती तो माता-पिता ग्राहक के उसे पेश करते जो उसके साथ दुष्कर्म करते। यही नहीं निर्दयी पिता भी उसके साथ दुष्कर्म करता था।

बताया गया कि अक्सर पिता उसके साथ छेड़खानी भी करता रहता था। मौका पाते ही उसका शोषण करता। कुछ दिन बाद



उसे देह व्यापार करवाया जाने लगा। करीब चार माह से वह जुल्म सहन कर रही थी। माता-पिता ग्राहकों से रुपये वसूल रहे थे, उन्हें अपनी बेटी की कोई चिंता नहीं थी। इस बीच एक दिन मौका पाकर वह अपने जीजा व बहन के पास पहुंच गई।

उसने उन्हें पूरी आपबीती बताई और उनकी सलाह पर थाने में शिकायत दी गई। मासूम ने अपनी शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके जीजा ने उसकी शादी के लिए एक लाख रुपये व 500 ग्राम चांदी रखी थी। जीजा ने इन जेवरातों को हथीन में जिसे व्यक्ति के पास रखा हुआ था।

पीड़िता ने बताया कि इस बारे में उसकी मां को पता चला तो वह उस व्यक्ति से रुपये और जेवर ले गई। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

### शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से भवन स्थानांतरण करने के दिए निर्देश



भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता बाबू वीरकुमार यादव ने चंडीगढ़ आवास पर प्रदेश के शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर से मुलाकात की।

वीर कुमार यादव ने शिक्षा मंत्री से राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय गुरावड़ा स्कूल भवन के फिनिसिंग कार्य को पूरा कर सम्बंधित भवन को शीघ्र हस्तांतरित कराने मांग की। भाजपा नेता की मांग पर शिक्षा मंत्री ने संबंधित अधिकारी को फोन पर तुरंत प्रभाव से भवन को स्थानान्तरण करने का निर्देश जारी किए। इस मौके परे तालाब व जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य रमेश शर्मा व गादला के पूर्व सरपंच इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।